



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 170 | ग्वालियर शनिवार, 08 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


न्यूज़ ट्रैक

## माफिया अतीक अहमद को एक और मामले में होगी सजा!



**नई दिल्ली।** गुजरात की साबरमती जेल में माफिया अतीक अहमद उमेश पाल अपहरण केस में उम्रकैद की सजा काट रहा है. हालांकि उसी मुश्किलें कम होती हुई नहीं दिखाई दे रही हैं, अब एक और अपहरण केस में माफिया अतीक अहमद पर आरोप तय हुए हैं. इसके साथ ही अतीक के बेटे उमर पर भी आरोप तय हुआ. लखनऊ में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने लखनऊ के कारोबारी मोहित जयसवाल को अगवा कर उसके साथ मारपीट करने के मामले में ये आरोप तय किए हैं. मोहित जयसवाल नाम के कारोबारी को 2018 में अगवा कर देवरिया जेल में पिटाई का आरोप है. लखनऊ में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई और आरोप तय किए गए. इस मामले में अतीक की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई जबकि उसके बेटे को जेल से सीबीआई कोर्ट लाया गया था. बता दें 29 दिसंबर साल 2018 को कारोबारी मोहित जयसवाल ने एक एफआईआर दर्ज कराई थी. जिसमें उसने बताया था कि देवरिया जेल में बंद अतीक ने अपने गुर्गों के जरिए उसका अपहरण कराया था. उसे तमंचे के बल पर अपहरण करके देवरिया जेल लाया गया था. जेल में माफिया अतीक और उसके बेटे उमर ने उसे बेरहमी से पीटा था. वहीं हाल ही में प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उमेश पाल हत्याकांड में नामजद आरोपी और माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन की अग्रिम जमानत की अर्जी को खारिज कर दिया है. एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश दिनेश चंद्र शुक्ल ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी शाइस्ता परवीन की अग्रिम जमानत के प्रार्थना पत्र को खारिज किया है. 24 फरवरी, 2023 को शाम करीब पांच बजे दिनदहाड़े उमेश पाल की हत्या कर दी थी गई थी और इस घटना में उनके गनर राघवेंद्र सिंह और संदीप निषाद भी मारे गए थे. इस हत्याकांड के बाद अगले दिन ही 25 फरवरी को उमेश पाल की पत्नी जया पाल की तहरीर पर प्रयागराज के धूमनगंज थाना में अतीक अहमद, शाइस्ता परवीन, अशरफ, गुड्डू मुस्लिम, गुलाम और अन्य नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी.

## मेरी बेटी की हत्या हुई, समर सिंह को मिले फांसी की सजा



**नई दिल्ली।** भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे के सुसाइड मामले में वाराणसी पुलिस और गाजियाबाद पुलिस ने ज्वाइंट ऑपेरशन कर आरोपी भोजपुरी सिंगर-प्रोड्यूसर समर सिंह को गुरुवार देर रात गिरफ्तार कर लिया था. इसके बाद समर सिंह को आज गाजियाबाद कोर्ट में पेश किया गया था जहां से वाराणसी पुलिस को आरोपी की 24 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मिल गई है. वहीं आकांक्षा की मां मधु दूबे ने एबीपी न्यूज से बातचीत में समर सिंह की गिरफ्तारी पर खुशी जताते हुए आरोपी के लिए फांसी की मांग की है.आकांक्षा की मां ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से न्याय की मांग करते हुए कहा कि आरोपी समर सिंह के घर पर भी बुलडोजर चले. उन्होंने कहा कि मेरी दुनिया जैसे उसने छिनी है वैसे ही भगवान करे उसकी दुनिया भी उसके छिन जाए. वहीं आकांक्षा की मां ने ये भी खुलासा किया कि उनकी बेटी ने उन्हें बताया था कि आरोपी समर सिंह ने उस पर कई बार हाथ उठाया था. दिवंगत एक्ट्रेस की मां ने कहा कि उनकी बेटी ने बताया था कि जब वो काम के पैसे मांगती थी तो समर सिंह उसे मारता था. इसके बाद आकांक्षा की मां ने समर सिंह को फोन कर डांट भी लगाई थी. आकांक्षा की मां ने कहा कि मैंने समर सिंह को साफ-साफ कहा था कि अगर मेरी बेटी को कुछ हुआ तो मैं तुम्हे छोड़ूंगी नहीं. उस वक्त वह सब चुपचाप सुनता रहा. मधु दुबे ने आगे कहा कि मैंने अपनी बेटी को समर सिंह के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के लिए भी कहा था. इस पर आकांक्षा ने मना करते हुए कहा था कि अगर वे समर के खिलाफ पुलिस में जाएंगी तो उनका भी करियर खराब होगा और उसकी भी पूरी लाइफ बर्बाद हो जाएगी. इसीलिए आकांक्षा ने समर के खिलाफ पहले शिकायत दर्ज नहीं कराई थी. आकांक्षा की मां ने कहा कि अगर पहले ही उनकी बेटी समर के खिलाफ कोई एक्शन ले लेती तो आज ये दिन ना देखना पड़ता.

## सऊदी अरब वर्क वीजा सिस्टम में फिर करेगा बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े इस्लामिक मुल्क सऊदी अरब हुकूमत अपने वर्क वीजा सिस्टम में बदलाव करने जा रही है. वहां जो नए वीजा नियम बनाए गए हैं, उससे भारतीयों को दिक्कतें उठानी पड़ सकती हैं. हजारों भारतीय अरब प्रायद्वीप में वर्क वीजा के माध्यम से वहां रहते हैं, और बहुत-से भारतीयों को वहां आए रोज आवागमन होता है. सऊदी किंगडम के राजपत्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी सरकार ने कौशल आधारित भर्ती के लिए नए नियम पेश किए हैं. वहां मानव संसाधन और सामाजिक विकास मंत्रालय ने कुछ क्षेत्रों में नई भर्तियों के लिए 3 स्किल-लेवल तैयार की हैं, ये बदलाव सऊदी मार्केट में कुशल श्रमिकों की पेशेवर क्षमता में सुधार के साथ-साथ उत्पादकता बढ़ाने और अयोग्य श्रमिकों के प्रवाह को कम करने के प्रयासों के चलते किए गए हैं.

# अब ज्योतिरादित्य सिंधिया पर भड़क गए कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला, जिसके बाद उनकी और कांग्रेस के कई नेताओं की ठन गई. कुछ समय पहले ज्योतिरादित्य सिंधिया और जयराम रमेश के बीच ट्विट वॉर शुरू हुई, जो लगातार बढ़ती चली गई. जयराम रमेश ने केंद्रीय मंत्री की आलोचना करते हुए सिंधिया परिवार पर गद्दारी का आरोप लगा दिया. वहीं, इसपर पलटवार करते हुए सिंधिया ने भी उन्हें इतिहास पढ़ने की नसीहत दे दी. अब गद्दार शब्द की इस जंग में लड़ने के लिए दिग्विजय सिंह भी मैदान में उतर गए हैं. शुक्रवार को ट्वीट करते हुए उन्होंने गुलाम नबी आजाद और ज्योतिरादित्य सिंधिया पर तंज कसा. मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ट्वीट में लिखा, गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस में रहकर, सारे पद पाकर, सत्ता का सुख भोगकर कांग्रेस की आलोचना कर रहे हैं. इस मामले में उन्होंने राहुल गांधी के प्रति आपत्तिजनक भाषा का उपयोग करने का आरोप लगाया है. इसके अलावा, यह भी लिखा है कि इन्हें गद्दार नहीं तो और क्या कहें। जानकारी के लिए बता दें कि मध्य



प्रदेश के दो राजघरानों में करीब 2 दशक से लड़ाई चल रही है. ये राजघराने हैं दिग्विजय सिंह और ज्योतिरादित्य सिंधिया के. अब यह लड़ाई दोनों नेताओं के अलग-अलग पार्टी में होने की वजह से और भी दिलचस्प हो गई है. साल 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए और तबसे कांग्रेस ने उन्हें गद्दार करार दे दिया. सिंधिया के पार्टी छोड़ने की वजह भी कहीं न कहीं दिग्विजय सिंह से जुड़ी हुई थी, क्योंकि राज्यसभा सीट की रेस में कांग्रेस ने सिंधिया के लिए सीट पक्की नहीं की. वहीं, पार्टी की कमान भी उन्हें नहीं दी गई. इसके बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने कई समर्थकों के साथ बीजेपी में शामिल हो गए और साल 2020 से लेकर अभी तक उन्हें कई बार प्रमोट कर आगे बढ़ाया गया. पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश की टिप्पणी के बाद राजनीति के जानकार आशंका जता रहे थे कि दिग्विजय सिंह भी ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ हमला बोल सकते हैं. उनकी यह आशंका सही साबित हुई है. दिग्विजय सिंह कभी भी सिंधिया घराने के मामले में कोई भी विरोधी का साथ देने में पीछे नहीं हटते. जो नेता सिंधिया घराने की मुखालफत करता है, उसे दिग्विजय सिंह का खुला समर्थन मिल जाता है. हालांकि, अभी तक ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिग्विजय सिंह के हमले का जवाब नहीं दिया है. अगर सोशल मीडिया पर ज्योतिरादित्य सिंधिया का जवाब आता है तो राजघराने की लड़ाई एक बार फिर सुर्खियां बटोर लेगी.

## कोरोना की नई लहर की आशंका के बीच स्वास्थ्य मंत्री की बैठक



**नई दिल्ली।** बैठक मे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने देश में बढ़ते जा रहे कोरोना केसों को लेकर चिंता जाहिर की है. इसके लिए उन्होंने देश में कोविड-19 की स्थिति को लेकर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की. इस दौरान कोविड टेस्टिंग एवं जीनोम सीक्वेंसिंग के साथ कोविड नियमों के पालन का प्रसार बढ़ाने पर बात हुई. ये बैठक दिल्ली में चल रही थी.

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने मांडविया ने कहा कि हमें सतर्क रहना है और अनावश्यक भय नहीं फैलाना है. उन्होंने सभी स्वास्थ्य मंत्रियों से निवेदन किया कि वो अपने राज्यों में कोविड की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर समीक्षा बैठक करें. इस दौरान उन्होंने 10 व 11 अप्रैल को पूरे देश में कोविड को लेकर मॉक ड्रिल कराने की बात कही. इसके साथ ही उन्होंने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों को भी अस्पतालों का दौरा करने को कहा है. सूत्रों के मुताबिक, बैठक के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य सरकारों से कहा कि वह कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए अपने स्तर पर तैयारियों को पुख्ता करें. उन्होंने कहा कि लोगों को कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर जागरूक किया जाए और लोग भी इसे लेकर ढिलाई न बरतें. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के 6 अप्रैल की कोरोना केसों की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 24 घंटों में देश में कोरोना के 5,335 मामले केस सामने आए हैं. ये आंकड़ा बीते 195 दिन में सबसे अधिक है. इससे पहले बीते साल 23 सितंबर को 5,383 केस सामने आए थे. इसी के साथ देश में एक्टिव केसों की संख्या 25,587 हो गई है.

## मोहन भागवत बोले, दक्षिण भारत में मिशनरियों से कहीं ज्यादा सेवा हिंदू धर्मगुरुओं ने की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने शुक्रवार (07 अप्रैल) को कहा कि दक्षिण के प्रांतों में हिंदू आध्यात्मिक गुरुओं के किए गए सेवा कार्य मिशनरियों से कहीं अधिक हैं. वह जयपुर के जामडोली में केशव विद्यापीठ में राष्ट्रीय सेवा भारती के सेवा संगम के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा, ''सेवा कहने के बाद सामान्यतः देश के प्रबुद्धजन मिशनरियों का नाम लेते हैं. दुनिया भर में मिशनरी अनेक स्कूल, अस्पताल चलाते हैं, यह सभी को पता है लेकिन दक्षिण के प्रांतों में केवल आध्यात्मिक क्षेत्र के हमारे आचार्य मुनि, संन्यासी सब मिलाकर जो सेवा करते हैं वह मिशनरियों की सेवा से कई गुणा ज्यादा है.''भागवत ने कहा, ''मैं स्पर्धा की बात नहीं कर रहा. उनसे ज्यादा, उनसे कम, यह मेरा पैमाना नहीं है. सेवा का यह पैमाना हो ही नहीं सकता.'' उन्होंने कहा कि सेवा स्वस्थ समाज को बनाती है लेकिन स्वस्थ समाज को बनाने के लिए पहले वह हमको स्वस्थ करती है. संघ प्रमुख ने कहा, ''सेवा मनुष्य के मनुष्यत्व की स्वाभाविक अभिव्यक्ति है.'' समाज में पिछड़ेपन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''हमारे समाज का केवल एक अंग पीछे नहीं है बल्कि उसके कारण हम सब लोग पिछड़ गए हैं. हमें यह पिछड़ापन दूर करना है. हमें सभी को समान, अपने जैसा मानकर सेवा के माध्यम से उन्हें अपने जैसा बनाना है. हम इसके लिए संकल्प ले सकते हैं, सेवा कर सकते हैं.''



## मद्रास हाईकोर्ट अब हाइब्रिड मोड में करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** कोरोना के लगातार बढ़ते मामलों ने लोगों में दहशत बढ़ानी शुरू कर दी है. इस बीच मद्रास हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल से हाइब्रिड/वर्चुअल आधार पर सुनवाई करने का फैसला किया है. बताया जा रहा है कि कोरोना संक्रमण के मामलों में आई तेजी की वजह से मद्रास हाईकोर्ट और इसकी मदुरै बेंच ने हाइब्रिड मोड में सुनवाई करने का फैसला किया है. मद्रास हाईकोर्ट की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि कोर्ट में उपस्थित होने वाले बार के सदस्यों और वादियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने मामलों की सुनवाई के लिए वर्चुअल/हाइब्रिड सुविधा का इस्तेमाल करें. बार के सदस्यों से अनुरोध है कि ई-फाइलिंग की सुविधा का इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा करें. इसे केवल जमानत याचिकाएं दाखिल करने के लिए न करें. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार (7 अप्रैल) को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, देश भर में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 6050 नए मामले रिकॉर्ड किए गए हैं. इन नए मामलों के साथ ही देश में कोरोना एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 28,303 पहुंच गई है.

## भगोड़े अमृतपाल सिंह के सरेंडर करने की चर्चा पंजाब में सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द



**नई दिल्ली।** खालिस्तान समर्थक और भगोड़े अमृतपाल सिंह द्वारा समर्पण की चर्चा के बीच शुक्रवार को भगवंत मान सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. पंजाब सरकार ने बैसाखी के बावजूद प्रदेश पुलिस की सभी छुट्टियों को रद्द कर दिया है. साथ ही पंजाब पुलिस को अलर्ट मोड में रहने को कहा है. भगवंत मान सरकार ने पंजाब पुलिसकर्मियों की छुट्टियां 14 अप्रैल तक के लिए रद्द की है. बता दें कि कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह ने बीते माह के अंत में सिखों जत्थेदारों से मिलने की मांग की थी. उसने पंजाब में बैशाखी उत्सव से एक सप्ताह पहले श्री अकाल तख्त साहिब से सिख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सरबत खालसा आयोजित करने की मांग कर पंजाब पुलिस को चौंका दिया था. उसके बाद से पंजाब पुलिस अलर्ट मोड पर है. अमृतपाल सिंह की ओर से अपील जारी होने के बाद गुरुवार यानी 6 अप्रैल को अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने बैसाखी मनाने के लिए तख्त दमदमा साहिब में तीन दिवसीय वार्षिक समागम की घोषणा की थी. इससे पहले सरबत खालसा सभाओं आयोजन केवल 2015 और 1986 में हुआ है. दरअसल, वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह 18 मार्च से फरार हैं. उसी दिन से पंजाब पुलिस अमृतपाल सिंह की तलाश में जुटी है. इस बीच अमृतपाल सिंह ने छिपने के दो वीडियो और एक ऑडियो क्लिप भी जारी किया था. इन सब घटनाक्रमों के बीच बैसाखी से पहले अमृतपाल के स्वर्ण मंदिर या किसी धार्मिक स्थल पर सरेंडर करने की खबरें चर्चा में है. हालांकि, पंजाब पुलिस ने इसे फेक न्यूज और तथ्यात्मक रूप से गलत करार दिया है. सरेंडर की चर्चा के बीच एक अमृतपाल सिंह को लेकर एक और खुलासा हुआ है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमृतपाल सिंह ने भारत आने से पहले खालिस्तानी आतंकी जरनैल सिंह भिंडरावाले जैसा दिखने के लिए जॉर्जिया में कॉस्मेटिक सर्जरी कराई थी. इस बात का खुलासा उस समय हुआ जब अमृतपाल के सहयोगी डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल के अंदर बंद हैं. गौरतलब है कि पंजाब पुलिस ने अमृतपाल के खिलाफ जारी मुहिम के दौरान उसके चाचा हरजीत सिंह और दलजीत सिंह कलसी सहित उसके करीबी सहयोगी को गिरफ्तार किया है.

## बेटे विजयेंद्र को वरुणा से लड़वाने से येदियुरप्पा ने किया इनकार

**नई दिल्ली।** बीएस येदियुरप्पा ने अपने बेटे बीवाई विजयेंद्र को मैदान में उतारने से इनकार कर दिया है. वहीं, वरुणा (मैसूर) में पूर्व सीएम सिद्धारमैया को चुनौती देने के लिए बीजेपी एक मजबूत उम्मीदवार की तलाश कर रही है. साल 2008 में सीट बनने के बाद से कांग्रेस वरुणा में अजेय दिख रही है. सिद्धारमैया ने साल 2018 में अपने बेटे यतींद्र के लिए यह सीट छोड़ने से पहले यहां से दो बार जीत दर्ज की थी. उनको 55.1त्न वोट मिले थे. बीजेपी यहां से संघर्ष करती दिखी है. साल 2013 में यह 10वें स्थान पर आ गई थी, जब येदियुरप्पा ने पार्टी छोड़ दी और उनके विश्वासपात्र कापू सिद्दालिनागा स्वामी केजेपी के टिकट पर 34त्न वोटों के साथ दूसरे स्थान पर आ गए थे. सिद्धारमैया की वापसी के साथ अब बीजेपी का काम और भी कठिन हो गया है. मैसूरु (ग्रामीण) के बीजेपी जिला अध्यक्ष मंगला सोमशेखर ने कहा कि पार्टी वरुणा को जिताने के लिए कटिबद्ध है. यह एक गंभीर लड़ाई होगी.% बताया जा रहा है कि हाउसिंग मिनिस्टर वी सोमन्ना को मैदान में उतारने पर विचार किया जा रहा है. उधर, प्रत्याशियों को चुनने की प्रक्रिया के तीन प्रारंभिक चरणों के बाद एक शॉर्टलिस्ट सूची संसदीय बोर्ड को भेजी गई है, जिसमें 10 अप्रैल तक नामों को अंतिम रूप देने की उम्मीद है.


बीजेपी महासचिव सिद्धाराजू ने कहा कि पार्टी नेतृत्व वरुणा को लेकर गहनता से विचार कर रहा है. पहले की तरह कोई समझौता नहीं होगा. सोमन्ना और विजयेंद्र दोनों ही लिंगायत हैं और ये एक ऐसा समुदाय है



जिसकी वरुणा में मजबूत उपस्थिति है. उनके पास लगभग 25त्न मतदाता हैं. सुत्तूर मठ फैक्टर भी है. सिद्धारमैया की पिछली जीत का श्रेय कुरुबा (14प्रतिशत), मुस्लिम (5प्रतिशत), दलित (33प्रतिशत), और ओबीसी (10प्रतिशत) वोटों के एकत्रीकरण के अलावा मठ के आशीर्वाद को दिया गया. इसमें वोक्कालिगा की हिस्सेदारी 5प्रतिशत है. साल 2018 में बीजेपी ने विजयेंद्र के नाम का ऐलान किया था, लेकिन ऐन वक्त पर इसे वापस ले लिया. अब, जोखिमों को देखते हुए सोमन्ना और विजयेंद्र दोनों विरोध कर रहे हैं. लेकिन, येदियुरप्पा के समर्थकों का एक वर्ग इसमें अवसर देख रहा है. उनका मानना है कि विजयेंद्र इस आरोप को खारिज कर सकते हैं कि येदियुरप्पा के मन में सिद्धारमैया के लिए सॉफ्ट कॉर्नर है. उनका यह भी मानना है कि सिद्धारमैया को हराने पर विजयेंद्र एक मजबूत नेता बनकर उभरेंगे. लेकिन, सौदेबाजी के तौर पर येदियुरप्पा का खेमा मांग कर रहा है कि बीजेपी विजयेंद्र को शिकारीपुरा से भी चुनाव लड़ने दे. वरुणा से चुनाव लड़ने की स्थिति में दो सीटों से चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले वी सोमन्ना ने कहा कि पार्टी ने मुझे चामराजनगर सीट से चुनाव लड़ते हुए चामराजनगर जिले का प्रभार लेने के लिए कहा. उन्होंने मुझे अभी तक वरुण से जाने के लिए नहीं कहा है. बेहतर होगा कि मैं चामराजनगर और वरुणा दोनों से चुनाव लड़ूं.

## राहुल गांधी को अयोग्य ठहराने और संसद नहीं चलने पर अमित शाह बोले

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के कौशांबी महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर शुक्रवार (7 अप्रैल) को कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने राहुल गांधी की अयोग्यता मामले पर संसद के गतिरोध को लेकर कांग्रेस पार्टी को घेरा. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि बजट सत्र में बगैर चर्चा संसद समाप्त हुई हो. अपने भाषण में केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, कल ही संसद समाप्त हुई. आजादी के इतिहास में कभी नहीं हुआ कि देश के बजट सत्र में चर्चा करे बिना संसद समाप्त हुई हो. विपक्ष के नेताओं ने सदन को चलने नहीं दिया. इसका कारण कि राहुल गांधी को अयोग्य घोषित किया गया. राहुल गंधी इस सजा को चुनौती दें. आपने संसद के वक्त को बली चढ़ा दिया गृह मंत्री शाह ने गांधी परिवार पर तीखा प्रहार किया. उन्होंने कहा, सोनिया जी हों, राहुल जी हों या कोई भी हों, मोदी जी को गाली-गलौज के कीचड़ के



अंदर कमल को और मजबूत कर खिलाया है. ये कहते हैं कि लोकतंत्र खतरे में है, लोकतंत्र खतरे में नहीं, बल्कि आपका परिवार खतरे में हैं. आपने इस लोकतंत्र को जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण के तीन नाखूनों में घेर कर रखा था. संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू हुआ था जोकि 6 अप्रैल को समाप्त हुआ. इस दौरान सदन का ज्यादातर वक्त पक्ष और विपक्ष के बीच वार-पलटवार के चलते गतिरोध की भेंट चढ़ गया. बीजेपी नेता जहां राहुल गांधी से माफी मागने की मांग पर अड़े रहे तो वहीं कांग्रेस अडानी मामले में जेपीसी गठित करने की मांग करती रही. विपक्षी पार्टियां आरोप लगा रही हैं कि सरकार ने जानबूझकर संसद नहीं चलने दी. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को भी अडानी मुद्दे पर जेपीसी की मांग दोहराई और आरोप लगाया कि इससे बचने के लिए सरकार ने संसद में गतिरोध पैदा किया. खरगे संसद से विजय चौक तक तिरंगा यात्रा के बाद कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में विपक्षी नेताओं की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन नहीं कर रही है. कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार का इरादा था कि बजट सत्र पानी में चला जाए. उन्होंने कहा कि 50 लाख करोड़ रुपये का बजट केवल 12 मिनट में पारित हो गया लेकिन बीजेपी हमेशा आरोप लगाती हैं कि विपक्षी दलों को इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है और वे सदन को नहीं चलने दे रहे हैं. वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया के जरिये बीजेपी पर हमला बोला. उन्होंने कहा, भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी ने एक जबरदस्त राष्ट्रीय नैरेटिव बनाया, जो वास्तव में परिवर्तनकारी था. हताश बीजेपी उस नैरेटिव को तोड़ने और उससे ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है. अफसोस की बात है कि इसमें कुछ बड़े पदों पर बैठे हुए महानुभाव भी शामिल हैं, जिन्हें निष्पक्ष होना चाहिए.

# ग्राम मनका थाना पिछोर क्षेत्र में पूर्व की रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुआ झगड़ा

## पुलिस ने दोनों पक्ष के 10 झगड़ालु व्यक्तियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**राकेश परिहार पिछोर**

पिछोर। ग्राम मनका पिछोर के सुरेश यादव ने रिपोर्ट की उसकी व रामनिवास ,शैलेंद्र, राहुल व शुभम की मारपीट आरोपी आजाद यादव बुंदेल यादव, अर्जुन यादव, सुनील यादव, नरेंद्र यादव ने की। दूसरे पक्ष के अर्जुन सिंह यादव ने रिपोर्ट की कि उसकी व आजाद यादव ,प्रियंका यादव व सविता यादव की मारपीट आरोपी रामनिवास यादव, शैलेंद्र यादव, भूरा यादव ,अनरथ यादव व वीरेंद्र यादव ने की । दोनों पक्ष पंचायत चुनाव के पूर्व से दो बार आपस में लड़ चुके हैं जिन के मध्य पूर्व में ही दो क्रॉस केस कोर्ट में चल रहे हैं ।पुलिस थाना पिछोर ने दोनों पक्ष के 10 झगड़ालू व्यक्तियों को धारा 151 जाफ्ता फौजदारी में गिरफ्तार कर




एसडीएम कोर्ट पेश किया ।जहां से उन्हें जेल भेजा गया ।दोनों पक्ष में कट्टर रंजिश चल रही है 151 जाफौ. में गिरफ्तार सुदा आरोपी पार्टी क्रमांक 01 रामनिवास पुत्र सेवाराम यादव उम्र 19 साल, शैलेन्द्र पुत्र सुरेश यादव उम्र 19 साल, शिवम पुत्र कैलाश यादव उम्र 18 साल, राहुल पुत्र कैलाश उम्र 20 साल, बृजेश पुत्र मलखान यादव उम्र 38 साल, पार्टी क्रमांक 02 नरेन्द्र पुत्र कैलाश यादव उम्र 28 साल, मोहन पुत्र रघवीर यादव उम्र 25 साल, प्रवेश पुत्र रामसेवक यादव उम्र 24 साल, सुनील पुत्र कैलाश यादव उम्र 40 साल, जीतू पुत्र कैलाश यादव उम्र 35 साल निवासीगण मनका को दबोच कर जेल भेजा गया।



# हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती

**राकेश परिहार पिछोर**

पिछोर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पिपारा से है जहां पर हनुमान जी के मंदिर पर पिछले 8 वर्षों से लगातार हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है और यहां पर ऐसा कहा जाता है कि जो भी भक्त मन में मुराद लेकर आता है वह अवश्य पूरी होती है और यहां पर साल भर प्रत्येक सानिबर को सुंदरकांड का पाठ किया जाता है फिर सुंदरकांड के समापन के उपलक्ष में हर साल हनुमान जयंती के दिन बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है जिसमें ग्राम के सभी सदस्यों द्वारा अखंड रामायण का पाठ करवाया जाता है और हवन पूजन आरती के बाद समस्त ग्राम की कन्याओ को कन्या भोज कराया जाता है एवं समस्त ग्रामीणों को प्रसाद वितरण किया जाता है।

# दर्द बांटने से कम होता है, खुशियां बांटने से बढ़ती है: अनिल: गुप्ता

**पहलवान सिंह राजावत संवाददाता पुष्पांजली टुडे**

**मालनपुर /**दर्द बांटने से कम होता है और खुशियां बांटने से बढ़ती यह बात औधोगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित एमजी रबर इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड अनिल गुप्ता ने समाजसेवी द्वारा किए गए उनके सम्मान के दौरान कहींद्य औधोगिक क्षेत्र मालनपुर के वरिष्ठ समाजसेवी विष्णु दत्त शर्मा द्वारा क्षेत्र में वृक्षारोपण करने वाली कंपनियों को सम्मान करने अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में अभियान के तीसरे दिन समाजसेवी शर्मा ने एमजी रबर इंडस्ट्रीज पहुंचकर कंपनी के यूनिट हेड अनिल गुप्ता को माला पहना कर सम्मानित किया और कहा कि आपने बंद पड़ी यूनिट को चालू करके बहुत ही सराहनीय कार्य किया हैद्य कंपनी में कार्यरत श्रमिकों को उन्हें फिर से रोजगार मिलने का मौका मिला कंपनी के आसपास जो पेड़ पौधे लगाए हैं वह आज कंपनी के चारों तरफ हरियाली बिखेर रहे हैं और भीषण गर्मी के दौरान शीतल छाया प्रदान कर रहे हैं द्यइस अवसर पर यूनिट हेड गुप्ता ने कहा कि आपने हमारा सम्मान कर हमें एनर्जी प्रदान की है हम भी आपसे वादा करते हैं कि इस हरियाली को दिनोंदिन बढ़ाने का काम करेंगेद्य हमारा प्रयास रहेगा की अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाए इस अवसर





पर उन्होंने कहा कि इंसान को हमेशा खुश रहना चाहिए और खुशियां बांटना चाहिए द्यखुशियां बांटने से बढ़ती है और दर्द बांटने से कम होता हैद्य हमें एक दूसरे की मदद करनी चाहिए इस अवसर पर कंपनी के एचआर मैनेजर मनोज भार्गव और कंपनी के अधिकारीगण मौजूद इसी क्रम में सूर्या स्टील पाइप की हरियाली देख खुश हुए समाजसेवी शर्मा, प्रबंधक को किया सम्मानित औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित सूर्य स्टील पाइप मैं लगे छायादार, फलदार वृक्ष एवं हरियाली देख समाजसेवी विष्णु दत्त शर्मा बेहद ही खुश हुए और फैक्ट्री पहुंचकर कंपनी के एचआर हेड मुकुल राय को माला पहना कर सम्मानित किया और कहा कि आप ने कंपनी के अंदर और बाहर हजारों की संख्या में वृक्ष लगाकर औद्योगिक क्षेत्र को हरियाली प्रदान की है उसके लिए हम आपके ऋणी रहेंगे द्यउन्होंने कहा कि सूर्या ग्रुप का ऋण हम कभी नहीं चुका पाएंगे कोरोना काल में जब लोग संकट की घड़ी से जूझ रहे थे और अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी के चलते त्राहि-त्राहि मची थी तब सूर्या ग्रुप ने आगे आकर जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान कर लोगों की जान बचाई थी द्य सूर्य ग्रुप में कर्मचारी और अधिकारी दोनों ही कंपनियों में रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान करते हैं द्यसूर्या फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र में बच्चों पर महिलाओं के लिए काम किया जा रहा है जो काबिले तारीफ है।



# पिता ने अपने ही पुत्र को कुल्हाड़ी से किया हमला जहां बेटे की हालत गंभीर

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद/फिंगेश्वर।** गरियाबंद जिले के फिगेश्वर थाना से जहां पिता ने अपने ही पुत्र को कुल्हाड़ी से किया हमला जहां बेटे की हालत गंभीर। पूरा मामला गरियाबंद जिले के फिगेश्वर थाना क्षेत्र से लगे ग्राम पंचायत छुईहा से है जहां शराबी पिता रामजी ध्रुव ने शराब के नशे में अपने ही पुत्र गणेशु ध्रुव के कुल्हाड़ी से जान से मारने की कोशिश बेटे की हालत गंभीर है। बता दें कि पिता ने अपने ही पुत्र के ऊपर कुल्हाड़ी से कई बार किया वार जिससे बेटे की हालत गंभीर को देखते हुए फिगेश्वर हॉस्पिटल में कराया भर्ती। फिंगेश्वर ब्लॉक में अवैध महुआ शराब का बिक्री किसी से छुपी हुई नही। आज फिर शराब ने एक परिवार की तस्वीर बदल दी। हीं घटना की जानकारी मिलते ही फिंगेश्वर पुलिस मौके पर पहुंचे।

# ऐतिहासिक कलश यात्रा के साथ अम्बरीष शर्मा गुड्डू भैया द्वारा आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

## जगह जगह पर हुआ कलश यात्रा का भव्य स्वागत



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

लहार। नगर लहार के उपाध्याय गार्डन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा नेता अम्बरीष शर्मा गुड्डू भैया द्वारा आयोजित पूज्य चिन्मयानंद बापू की भागवत कथा का शुक्रवार को ऐतिहासिक कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हुआ।कलश यात्रा नगर के तालेश्वर सरकार से पुराना बाजार गणेश मंदिर पर पहुँची।जहां से कटरा कुंआ होते हुए रामलीला मैदान से बड़े मन्दिर होते हुए साधुबाबा चौराहा पर पहुँची।जहां से नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए माँ मंगलादेवी मन्दिर होते हुए मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर पहुँची।जहां से होते हुए उपाध्याय गार्डन पहुँची जहां कलश पूजन कर कलशयात्रा का समापन किया गया।वहीं अम्बरीष शर्मा ने बताया कि आज शनिवार दोपहर 03 बजे से कथा रसपान कराया जाएगा।कलश यात्रा के महान संत पूज्य महाराज कमलेशपुरी महाराज एवम सन्तो का समागम देखने को मिला।



**लहार के लोग हुए सनातनी पल पल पर हुआ कलश यात्रा का भव्य स्वागत**-नगर लहार में शुक्रवार को सनातन धर्म का ऐतिहासिक उदाहरण देखने को मिला।जहां पल पल पर नगर के लोगो द्वारा पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया।

**कलशयात्रा के बाद हुआ भव्य भंडारा**-नगर में निकली आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ की कलश यात्रा के उपरांत सभी के लिए भव्य भण्डारे की ब्यबस्था की गई एवम भंडारा प्रसादी खिलाने के बाद सभी को सुनियोजित तरीके से उनके घर तक छुड़बाने कि ब्यबस्था की गई।जिसे देखकर माता वहिनो एवम बुजर्गो से गुड्डू भैया को खुले मन से आसीर्बाद दिया ।

# मध्यप्रदेश विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के गठन पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. बेताल व उनकी टीम ने मुख्यमंत्री का माना आभार

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**



भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्य मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा प्रदेश में मध्यप्रदेश विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। जिसका मध्यप्रदेश शासन द्वारा विधिवत आदेश जारी किया गया है। मध्यप्रदेश विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड में एक अध्यक्ष तथा चार सदस्य होगे। जिनका मनोनयन शासन द्वारा किया जायेगा। बोर्ड को विभाग के अधीन स्वतंत्र रूप से काम करने का अधिकार होगा एवम कार्यों के संचालन के लिए नियम एवम विनिमय बनाने तथा आदेश जारी करने की शक्तियां होगी। बोर्ड को राज्य शासन से मध्यप्रदेश राज्य कौसल विकास एवम रोजगार निर्माण बोर्ड के माध्यम वित्तीय सहायता प्राप्त होगी। मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवम रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा मध्यप्रदेश विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के सचिवालय दायत्वो का निर्वाहन किया जाएगा। प्रशिक्षण, उदयमीता, संवर्धन, रोजगार एवम स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप व्यवसाय संबंधित विषयों में राज्य शासन को समय समय पर अपनी अनुसंसाए प्रेषित कर सकेगा।

# जल्दी से देरी भली



आरती आज सुबह से आकाश का सर खा रही थी। सुनिए अब तो सारे रिश्तेदारों में आपकी लेट लतिफ़ वाली इमेज चर्चा का विषय बन गई है। कहीं भी जाना होता है तो हर बार हमारीं मिली ही आपकी वजह से कार्यक्रम ख़त्म होने के बाद ही पहुँचती है। कई बार कहीं जाना होता है तो बच्चें आपका इंतज़ार करते सो जाते है और हम जा नहीं पाते, उस पर रिश्तेदारों में हमारी गिनती अभिमानी में होने लगी है। आपकी इस आदत से मैं तंग आ चुकी हूँ ज़िंदिगी में सारी सुख सविधा होते हुए भी एक आपकी देर से आने की वजह हमारे बीच झगड़े का कारण बनती है। आज तो हमारे बेटे की खुशी के लिए पार्टी रखी है कम से कम आज देर से मत आना वरना आरव का दिल टूट जाएगा। आकाश ने अंजली की बड़बड़ से तंग आते कहा, तुम्हें क्या लगता है मैं जानबूझकर देर से आता हूँ। अरे बाबा इतना बड़ा कारोबार अकेले हाथों संभालना कोई आसान काम नहीं। प्रोडक्शन से लेकर बिक्री तक हर सैक्शन पर ध्यान देना पड़ता है। मेरे अकेले के लिए नहीं करता, परिवार की खुशी के लिए और आप सबके शौक़ को पूरा करने के लिए मेहनत करता हूँ मैडम, तभी यह बंगलो, गाड़ी और जवाहरात आते है। मुझे भी अच्छा लगता है सबके साथ समय पर पहुंच कर अमन-चमन करना। हाँ समय पर नहीं पहुँच पाता पर देर से ही सही आकर रिश्तेदारी तो निभा लेता हूँ न। तुम औरतों को बस घर पर बैठे पति पर हुकूम चलाना आता है। आज भी न चाहते हुए भी अंजलि और आकाश के बीच देर से आने के मामले पर जंग छीड़ गई। आज बेटे आरव को बारहवीं कक्षा में 95 त्न आने की खुशी में होटेल सन ÷एंड सेंड÷ में पार्टी रखी थी। बहस को विराम देते आकाश ने कहा ओके बाबा अब नाराज़ मत हो ठीक 7 बजे तुम्हारा यह लेट लतिफ़ पति हाज़रि हो जाएगा, अब हंस भी दो तो बंदा चैन से ऑफ़सि के लिए निकले। अंजली ने मुस्कुराते हुए कहा इंतजार रहेगा। ठीक 6 बजे अंजली बच्चों के साथ होटेल पहुँच गई। आहिस्ता-आहिस्ता सारे मेहमान आ गए बस आकाश का इंतजार था। 8 बज गए आज ही एक बड़ा क्लायन्ट मिलने आ गया, जिसके साथ मिटिंग में आकाश को देर हो गई। मिटिंग ख़त्म होते ही आकाश भाग निकला 120 की स्पीड से गाड़ी चलाते। दिमाग अंजली और बच्चों के पास था तो सामने से फूल स्पीड में आ रहे ट्रक से टकरा गया। गाड़ी सीधी पूल के नीचे बह रही नदी में जा गिरी। पानी में गिरने की वजह से आकाश को ज़्यादा चोट नहीं आई बच गया। लोग जमा हो गए और किसीने आकाश से नंबर पूछकर तुरंत अंजली को फोन किया। अंजली सब छोड़ कर भागती हुई अकस्मात वाली जगह पर पहुँची, आकाश को अस्पताल पहुँचाया और रोते हुए बोली अब कभी जल्दी आने के लिए नहीं बोलूँगी जल्दी से देर भली।

**भावना ठाकर भावु बेंगलोर**

# सर्जरी के बाद अब माही सामान्य बच्चों की तरह सुन और बोल रही है

## बच्चों में जन्मजात सुनने की समस्या को दूर करने के लिये मुख्यमंत्री बाल श्रवण उपचार योजना से हुई कोकलियर इंप्लांट सर्जरी, परिजन दे रहे है मुख्यमंत्री को धन्यवाद

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जब किसी परिवार में बच्चे का जन्म होता है, तो परिवार में खुशीयों की बहार छा जाती है, बच्चे की किलकारी सुनने के लिये पूरा परिवार उत्साहित रहता है। यदि ऐसे में परिवार वालों को पता चलता है कि बच्चें को जन्मजात सुनने की समस्या है, तो परिवार पर जैसे दुख के बादल छा जाते है। ऐसे बच्चों को दृष्टिगत रखते हुये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना चलाई जा रही है। जिसके माध्यम से ऐसे बच्चों की निन्शुल्क कोकलियर इंप्लांट सर्जरी कराई जाती है, जिसका व्यय लगभग सा? 6 लाख रूपये होता है। इस सर्जरी के बाद बच्चों के सुनने की समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाती है। इसी समस्या से जिले के मागंज वार्ड नंबर 01 निवासी सुखदेव रैकवार की बेटी माही ग्रसित थी, जिसे बचपन से ही सुनने की समस्या थी, वह सुन नहीं पाती थी जिस कारण से वह कुछ बोल भी नहीं पाती थी। बिटिया माही को उसके पिता ने जिला अस्पताल के डी.ई.आई.सी. केंद्र में दिखाया, यहां के ऑडियोलॉजिस्ट एंड स्पीच थैरेपिस्ट संदीप



पटैल ने जांच कर बताया कि बेटी माही को जन्मजात बहरेपन की समस्या है, इसके लिए एक ऑपरेशन होता है जिससे बेटी को सुनाई देने लगेगा और वह बोलने भी लगेगी। सुखदेव बताते है डीईआईसी में माही के सारे डॉक्यूमेंट जमा करके भोपाल भेजा गया। भोपाल में बेटी माही को चेक कर मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना के तहत निन्शुल्क कोकलियर इंप्लांट सर्जरी की गई जिसके बाद बच्ची को सुनाई दे रहा है। डी.ई.आई.सी. केन्द्र में ऑडियोलॉजिस्ट एंड स्पीच थैरेपिस्ट संदीप पटैल ने माही की स्पीच थेरेपी की लगभग 06 महीने बाद वह बोलने लगी है। सुखदेव बताते हैं कि अब बेटी मम्मी-पापा, ए, बी, सी, डी, वन, टू, थ्री, सब बोलने लगी है। उन्होंने बताया बिटिया का पूरा उपचार निन्शुल्क हुआ है इसके लिये वे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और डी.ई.आई.सी. की टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद दे रहे है और आभार व्यक्त कर रहे है। वे कहते है डीईआईसी की टीम परिवार जैसी है, यहां पर आने में ऐसा नहीं लगता है कि हॉस्पिटल आए हैं, यहां की टीम ने बहुत सहयोग किया है।

# सिटी कोतवाली भिण्ड की अवैध हथियार तस्करों के विरुध्द कार्यवाही

## 5 पिस्टल, 5 मैग्जीन, 3 जिन्दा राउण्ड 32 बोर के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक निशा रेड्डी के मार्ग दर्शन में अवैध हथियारों की धरपकड़ हेतु अभियान में निरीक्षक शिव सिंह यादव थाना प्रभारी सिटी कोतावली भिण्ड व उनकी टीम द्वारा कार्यवाही की गई। दिनांक 31 मार्च 2023 को मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। जिसके कब्जे से 9 पिस्टल, 8 मैग्जीन, 4 जिन्दा राउण्ड 32 बोर के जप्त किये थे। आरोपी ने पूछताछ करने पर बताया था कि खरगौन से कुछ व्यक्ति अवैध हथियार लेकर भिण्ड में सप्लाई करने के लिये आते है। उक्त सूचना पर मुखबिर मामूर किये गये। दिनांक 5 - 6 अप्रेल 2023 को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि खण्डवा -




खरगौन के दो व्यक्ति अवैध हथियार लेकर नगर पालिका के पास बेचने के लिये खडे है । उक्त सूचना पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली द्वारा टीम रवाना की गई टीम के द्वारा दो व्यक्ति पकडे गये जिनके कब्जे से 5 पिस्टल, 5 मैग्जीन 3 जिन्दा राउण्ड 32 बोर के जप्त किये गये तथा दोनो आरोपी के विरुद्ध थाना हाजा पर अपराध क्र. 112/23 धारा 25 (1) (ए), 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। दोनो आरोपियो से अवैध हथियारो के संबंध में पूछताछ की गई जिनके द्वारा पूर्व में हथियार बेचने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई। जिनके आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। सराहनीय भूमिका- निरीक्षक शिव सिंह यादव, उपनिरीक्षक अतुल सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिह यादव, प्रधान आरक्षक सतेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक रमाकांत शर्मा,आरक्षक दीपक राजावत, आरक्षक अभिषेक यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# भारतीय जनता पार्टी मंण्डल मौ द्वारा सभी 66 बूथों पर मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



**पुष्पांजलि टुडे**
**मौ डॉ. वेताल सिंह गौड़**

मौं मंण्डल द्वारा भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी अजा मौर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य एंव बिशेष अतिथि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला जिला अध्यक्ष धर्मैन्द गुर्जर अबदेश सिंह चोंहान एंव देवलाल यादव एंव फरेंन्द सिंह सिकरवार सज्जन सिंह यादव सेलेन्द सिंह गुर्जर पंकज कुशबाह उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपाल सि्ह कुशवाह ने की कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामख्तयार सिंह गुर्जर ने किया। एंव स्वागत भाषण मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह एंव आभार प्रकट सुल्तान मौर्य ने किया मुख्य अतिथि लाल सिंह आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो अंत्योदय के तहत लास्ट पंक्ति में खड़े लास्ट व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रतिबंध रहती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने जो जन जन के लिए योजनाएं चलाई हैं वह योजनाएं हम सभी लोगों के लिए कारगर साबित हुई है इतना ही नहीं श्री आर्य जी ने कहा भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका बिकाश सबका बिस्वास के साथ काम करती हे इसके साथ साथ जंनसंघ से लेकर आज तक पार्टी मे कार्य कर रहे बरिष्ट कार्यकर्ताओं का लाल सिंह आर्य जी द्वारा श्री फल सोंल देकर सम्मानित किया गया इस अबसर पर सम्मान पाने बालो में प्रकाश चंन्द जैन देवलाल यादव श्यामबाबा उदयबीर यादव हजारीलाल राठोंर मुन्नालाल राजपूत कार्यक्रम मर्जाद सिंह यादव रामू कुशबाह बीरेंन्द यादव सोमबीर सिबहरे शतीष परिहार बिजेंन्द सिंह राजू मिश्रा पूरन गोयल बलबीर गोयल रामकुमार जादोंन हरीशंकर भार्गव रामनरेश कुशबाह धर्मेन्द राणा ध्यानेन्द जाटव देविन्द जाटव पहलाद माहोंर अरुण बाल्मीकि पर्वत सुरेश छारी महेंन्द परिहार राम यादव रघुराज गुर्जर कप्तान कुशबाह संन्तोष यादव आगम जैंन आकाश साक्य डां बेताल गौड अजय अग्रबाल अजय झां अशोक गोयल आदि।

## मौ जागा सरकार हनुमान मंदिर में हुआ विशाल दंगल



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़**

आज मौ नगर में स्थित श्री जागा सरकार हनुमान मंदिर पर विशाल दंगल का आयोजन किया गया जिसमें कई गांव के वृद्धजन एवं युवा साथी उपस्थित रहे और इसमें कई जगह के पहलवानों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया मुरैना, भिंड ,दतिया, आगरा ,मथुरा, ग्वालियर , दिल्ली , उत्तर प्रदेश आदि जगह के पहलवानों मौजूद रहे जिसमें पहली कुश्ती की इनाम 19100 जीतू पहलवान ग्वालियर और बल्लू पहलवान शुकांड के बीच हुई एवं दूसरी कुश्ती 11000 की इनाम पर मोहित पहलवान मथुरा और दलवीर पहलवान ग्वालियर के बीच हुई पवन पहलवान हरियाणा, संतोष पहलवान सेवढा, रॉकी पहलवान दिल्ली, महिला पहलवान खुशी मथुरा, राजा पहलवान बरुआसागर, सज्जन पहलवान रूरा एवं कई गांव के पहलवान मौजूद रहे।

# भक्ति बिना मनुष्य जीवन बेकार हैः संत रामपाल जी

**पुष्पांजली टुडे**

**गुना** - तहसील आरोन के ग्राम क्योपुर में संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों ने एक



दिवसीय सत्संग का आयोजन एलईडी टीवी के माध्यम से किया गया है। आसपास के ग्रामों से सैकड़ों की संख्या श्रद्धालु संत जी के प्रवचन सुनने पहुचे 7संत रामपाल जी महाराज ने सत्संग में बताया है कि मनुष्य जीवन प्राप्त करके जो भक्ती नहीं करते उनका जीवन बेकार है। सत्संग के दौरान समाज में नशा मुक्ति, रिश्वतखोरी, दहेज प्रथा, मृत्यु भोज एवं भ्रूण हत्या को मिटाने तथा एक स्वच्छ समाज के निर्माण करने का संदेश दिया। समाज में व्याप्त दहेज प्रथा को मिटाने तथा नशा मुक्त भारत बनाने के लिए गुरुवाणी के माध्यम से सभी को जागरूक किया गया। संत रामपाल जी महाराज के सत्संग को ग्रहण करके विश्व में लाखों लोग सामाजिक बुराई से दूर हो चुके हैं एवं नशे की लत छोड़ चुके हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में फैली बुराइयों को दूर करने तथा मानवता के लिए सभी को सहायता करने का संदेश दिया गया। संत रामपाल जी महाराज की वाणी है जीव हमारी जाति है मानव धर्म हमारा हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई धर्म नहीं कोई न्यारा÷ का संदेश दिया इस सत्संग से प्रभावित हो कर कई पुण्य आत्माओं ने दीक्षा ग्रहण की।

# थाना फूप द्वारा ओवर हाईट वाहनों पर की गयी कार्यवाही

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । विगत कुछ दिनों से ट्रकों में सरसों का भूसा (तूरी) अत्यधिक ऊंचाई एवं लम्बाई में भरकर रोड पर आवागमन हो रहा है जिस कारण रोड पर दुर्घटनाएं होने की सम्भावना होने से एवं पेड़ों आदि के टकराने से ट्रक पटलने से जाम लगने जैसी घटनाएं, अन्य छोटे वाहनों के आवागमन में असुविधा देखी जा रही थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सभी थानों के साथ साथ थाना फूप पर ओवर हाईट वाहनों के विरुद् कार्यवाही की गयी जो थाना फूप के सामने चेकिंग के दौरान ट्रक क्र.(1) उ.प्र. 21 सीएन 3405, (2) उ.प्र. 23 टी 9797, (3) उ.प्र. 21 ए एन7125,(4) उ.प्र. 79 टी 6526 को रोका गया जो खतरनाक तरीके से वाहन चलाने अत्यधिक ऊँचाई में भूसा भरा होना परमिट शर्तों का उल्लंघन पाया जाने से वाहनों को थाने पर सुरक्षार्थ खड़ा किया गया एवं वाहनों के विरूद् मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की गयी तथा वाहन चालकों को भविष्य में परिवहन नियमों के दायरे में परिवाहन करने की समझाईश दी गयी जो कार्यवाही लगातार जारी रहेगी । अन्य भारी वाहनों के चालकों / मालिकों से अपील की जाती है कि अपने वाहनों को परिवहन नियमों के दायरे में वाहनों का परिवाहन करें। सरायनीय भूमिका उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी फूप निरीक्षक प्रमोद साहू कार्यालय प्रधान आरक्षक चरन सिंह,आरक्षक अनिल जाट, आरक्षक भैरोंशंकर,आरक्षक नरेन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कुशवाहा जी के नेतृत्व में रखा गया स्वच्छता पखवाड़ा का कार्यक्रम

भिण्ड । जिला के मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया द्वारा बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सिंह कुशवाहा जी के नेतृत्व में उनकी टीम के साथ स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बाल्मीकि बस्ती में स्वच्छता अभियान एवं सह भोज कार्यक्रम रखा गया।

इसमें दलित बस्ती मे मोर्चा के जिला पदाधिकारी बस्ती के लोगों के सीवर साफ स्वच्छ कैसे बनाया जाए स्वच्छता से जीवन में क्या-क्या लाभ है द्य स्वच्छता मनुष्य के जीवन में बीमारी नहीं आती लक्ष्मी का वास होता है यदि व्यक्ति स्वास्थ्य स्वस्थ होगा, तो अपने सारे काम निपुणता के साथ कर सकता है इसीलिए कहावत है पहला सुख निरोगी काया, साथ



जलपान ग्रहण की और उनका, हाल-चाल पूछा समरसता का संदेश दिया कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सुनील बाल्मीकि, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह जयंत सिंह किरार, सौरभ जैन सर्जन नरवरिया आशीष गुप्ता धीरज चौधरी अंकित मिश्रा विवेक रजक बंटी भारती सोनू सविता रामपुर श्रीवास आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गुजरात प्रजापति भाजपा विचारधारा के प्रदेश संयोजक पद पर सोहनलाल नियुक्त

**पुष्पाजंली टुडे**



**पाली।** जिले के गांव सारण के मूल निवासी सोहनलाल प्रेमाराम प्रजापत को गुजरात प्रजापति भाजपा विचारधारा के प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया। सोहनलाल प्रजापति सारण वर्तमान में भारतीय प्रजापति महासभा, नई दिल्ली के राष्ट्रीय महासचिव भी है। इनके अलावा अखिल भारत हिन्दू महासभा गुजरात प्रदेश के संयोजक मंत्री सुखदेव हजारीराम प्रजापत राठोलिया मामावास को अहमदाबाद विभाग संयोजक, जवरीलाल प्रजापत कुंडलवाल धीनावास को राजकोट विभाग संयोजक, नरसिंह कुमार डूंगाराम प्रजापत आरोलिया सारण को जामनगर विभाग संयोजक, सोहनलाल सेसाराम प्रजापत हिंगावास को सूरत विभाग संयोजक, विष्णु ओगड़ राम प्रजापत निंबहेड़ा कला को साबर कंठा का विभाग संयोजक, रमेश फाउलाल प्रजापत कपूपरा मेलावास को वडोदरा का विभाग संयोजक, सुरेश हिम्मताराम प्रजापत कपूपरा शेखावास को द्वारिका का विभाग संयोजक नियुक्त किया गया। इनकी नियुक्ति गुजरात भाजपा प्रजापति विचारधारा के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वरभाई एम प्रजापति मुखी महाराज ने की। यह जानकारी अशोक प्रजापत राठोलिया मामावास ने दी।

# संत आशारामजी बापू के अवतरण दिवस पर छाछ एवं पान का वितरण

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा**

बेंगलुरु। 6 अप्रेल 2023 को हुई हनुमान जन्मोत्सव पर पूज्य बापूजी के साधकों ने संत



आशारामजी आश्रम ट्रस्ट द्वारा आंजनेय स्वामी देवस्थान, मैसूर बैंक सर्किल, नागरथपेट, बेंगलुरु में छाछ व पानका का निशुल्क वितरण के साथ बापूजी के 87वें अवतरण दिवस के आगमन का शुभ संदेश दिया। संत आशाराम आश्रम ट्रस्ट के ट्रस्टीयों ने बताया कि- हमारे बापूजी कभी अपना जन्मदिन खुद नहीं मनाते बल्कि उनके शिष्य इस दिनको विश्व सेवा-सत्संग दिवस के रूप में सम्पूर्ण भारत भर में हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। उनका सदैव यह सिद्धांत रहा है कि 'बहुजनहिताय- बहुजनसुखाये' इस भावना को लेकर समाज की सेवा करें और एक ही परमात्मा सब के हृदय में आत्मा रूप से व्याप रहा है ऐसी शुभ दृष्टि रख कर सबका मंगल सबका भला चाहें.. आज बेंगलुरु के सिटी मार्किट के इस मंदिर में जनता-जनार्दन को सूर्य की तपती धूप में ठंडा पानका व छाछ पिलाई गई तथा इसके साथ पूज्य बापूजी की मधुर वाणी से ओत- प्रोत मासिक पत्रिका- ऋषि प्रसाद व उनके श्रीचित्र वाले कैलेंडर देकर तृप्ति व संतुष्टि का अनुभव किया। उनके साधक जन्मोत्सव के निमित्त बापूजी की निर्दोषता को प्रकट करते हुए तन-मन-धन से विभिन्न सेवा कार्यो में उत्साह से लगे हुए हैं। आगे उन्होंने बताया की- पूज्य बापूजी के 87 वें अवतरण दिवस (जन्मोत्सव) के निमित्त 9 अप्रैल 2023 (रविवार) को आश्रम में दोपहर 11 बजे से जन्मोत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।




# घर के बाहर खड़ी बाइक हुई चोरी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । शहर कोतवाली क्षेत्र के मेला ग्राउंड शासकीय आवास से एक हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एमपी 30 एमडी 0480 शाम के लगभग 7 बजकर 40 मिनट पर घर के बहार दरवाजे पर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। बाइक चुराते समय बाइक चोर सीसीटीवी कैमरे में दिख रहा है, लेकिन चोर ने मुंह ढक रखने के कारण सही पहचानने में नहीं आ रहा है। शहर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोर को ढूड़ने के लिए तेजी से प्रयास शुरू कर दिए हैं। फरियादी सुरेंद्र पुत्र पूरन निवासी हरवंश की खोड़ हाल मेला ग्राउंड शासकीय आवास ने सिटी कोतवाली भिण्ड में मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# शासन की जनकल्याड़कारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिले के नगर एवं गांव में घूम रहा है प्रचार रथ

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड** । जनसम्ड़पर्क संचालनालय भोपाल द्वारा म.प्र.सरकार की तीन वर्ष की उपलब्धियों और लाड़ली बहना योजना एवं अन्ड़य जनकल्ड़याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए तीन साल बढ़े हैं- सबसे आगे खड़े हैं, देख रहा सारा देश- सबसे आगे मध्ड़यप्रदेश प्रचार रथ तैयार करवाया गया है। प्रचार रथ द्वारा एलईडी के माध्ड़यम से शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज प्रचार रथ द्वारा जनपद मेहगांव के ग्राम मेहगांव, ग्राम पिपरोली, ग्राम कौंहार, ग्राम गाता का भ्रमण कर म.प्र.शासन की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

# भृष्टाचार के आरोप लगे अधिकारी पर आखिर इतनी मेहरवानी क्यों है : डॉ. गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भोपाल/ग्वालियर । मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने मुख्यसचिव मध्यप्रदेश शासन भोपाल को पत्र लिखकर कहा कि जिस अधिकारी पर भृष्टाचार के आरोप लगे हैं और उसका ट्रांसफर हो चुका है फिर उसको कार्यमुक्त क्यों नहीं किया गया। डॉ. सिंह ने कहा कि आखिर ऐसी क्या वजह है,कि जिस पर भृष्टाचार के आरोप लगे हो उस पर इतनी मेहरबानी क्यों की जा रही है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने मुख्यसचिव को लिखे पत्र में कहा कि सी. बी. प्रसाद अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ग्वालियर के स्थानांतरण के संबंध में बताना चाहता हूं , कि ग्वालियर में झांसी रोड सर्किल में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ग्वालियर सी.बी. प्रसाद का स्थानांतरण



13 फरवरी 2023 को गुना जिले में किया गया था, परन्तु शासनादेश का पालन न कर उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया गया । बल्कि कुछ समय बाद ही उन्हें भितरवार सर्किल में पदस्थ कर दिया गया । इसके बाद कलेक्टर द्वारा दूसरे दिन ही पुनः झांसी रोड ग्वालियर में एस.डी.एम. के पद पर पदस्थ कर दिया गया। नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने कहा श्री प्रसाद पर शासकीय जमीनों की हेराफेरी में संलिप्त होने के आरोप हैं एवं लोकायुक्त भी जांच प्रचलित है जिनमें से मर्सी होम्स की जमीन निजी बिल्डरों को बेचे जाने का प्रमुख है। आज तक शासनादेश का पालन न नहीं किये जाने की क्या वजह है । यह समझ से परे है। डॉ. सिंह ने मुख्यसचिव को लिखे पत्र में मांग करते हुए कहा कि शासनादेश का पालन कर शीघ्र ही श्री प्रसाद को कार्यमुक्त कर, उनके द्वारा की गई अनियमितता/ भ्रष्टाचार की जांच कराई जाए।

# नाबालिक को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने तथा उसके साथ दुष्कृत्य करने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**मेहंगाव (भिण्ड)** । थाना मेहगांव के क्रमांक 60/ 30 धारा 363 भादवि में अपरहत नाबालिक लड़की को भगा कर ले जाने वाले तथा नाबालिक के साथ दुष्कृत्य करने वाले आरोपी को पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे, मेहंगाव एसडीओपी आरकेएस राठौर के निर्देशन में थाना मेहगांव पुलिस द्वारा दिल्ली से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । आरोपी से पूछताछ उपरांत आरोपी को माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया जावेगा । आरोपी की गिरफ्तारी में मेहंगाव थाना निरीक्षक रविंद्र शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक अशोक तिवारी, प्रधान आरक्षक संजय पांडे, आरक्षक मुन्नेष तोमर,महिला आरक्षक गोरमी कुंती की मुख्य भूमिका रही ।

## संपादकीय

# कोरोना के बढ़ते मामलों से डरने की जरूरत नहीं

*हमारा कोरोना को ट्रैक करने का एक मॉडल है. अभी जिस तरह से संख्या बढ़ रही है, उसको हम ठीक से ट्रैक नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि वह संख्या अभी बहुत कम है. भारत जैसे जनसंख्या बहुल देश में जो 4000-5000 मामले अभी आ रहे हैं, वह बेहद कम है. हालांकि अभी जो हमारा अनुमान है कि पिछले साल जैसे जुलाई के महीने में एक छोटी सी रिपल आई थी और 20-25 हजार केसेज आए थे, वैसा ही कुछ इस बार भी होगा. अभी भी कुछ दिनों तक मामले बढ़ेंगे और फिर जब बीस-पचीस हजार तक पहुंचेंगे तो उसके बाद कम होने शुरू हो जाएंगे. इसको सीजनल बीमारी नहीं मान सकते, इसके दो कारण हैं. एक तो देश में बहुत अच्छी तरह से वैक्सीनेशन हो चुका है . दूसरे लगभग हर व्यक्ति को एक बार तो ये इनफेक्शन हो ही चुका है. इसलिए लोगों में एक तरह की इम्युनिटी आ गई है. यही मैं कहना चाहता हूं. देखिए, कोरोना का एक और लहर तो आएगा ही. जैसे ही इस तरह के मामले बढ़ते हैं तो पीक एक आता ही हैं. उसको वेव कहना उचित नहीं होगा, जब तक बहुत बड़ी संख्या न हो. भारत में अभी तक तीन वेव आए हैं. पिछले साल जुलाई में जो आया था, वह वेव नहीं था, एक रिपल था. यह बताना फिलहाल संभव नहीं है कि आगे कितने लोग मरीज की तरह आएंगे. हालांकि, अनुमान करें को हमें लगता है कि पिछले साल की जुलाई की तरह ही मामला रहेगा और 20-25 हजार मामले रोजाना मिलेंगे. जैसा कि मैंने आपको बताया कि इसके खतरनाक होने की संभावना नहीं है. जिन लोगों में इनफेक्शन हो रहा है, उनके अंदर भी इम्युनिटी कहीं न कहीं है, इसलिए हॉस्पिटलाइजेशन के केस नहीं हो रहे हैं. सरकार को किसी तरह की तैयारी करने की आवश्यकता नहीं है. आप गणित का इक्वेशन लगा लीजिए. भारत जैसे देश में अगर 30 हजार मरीज भी आते हैं तो वह कोई खास चिंता की बात नहीं हैं. लोग लाइटली ले रहे हैं, इस मामले को. उनको अपनी सेहत का बस ध्यान रखना चाहिए.*

## बीजेपी सत्ता के लिए नहीं, व्यवस्था-परिवर्तन के लिए कर रही काम

1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के बाद हम पहले लोकसभा चुनाव में दो सीटों पर सिमट गए थे. आज हम 303 सीटों पर है. हालांकि, हमारी यात्रा का यह अंत नहीं है, पड़ाव है मात्र. इसका अंत तभी है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भी कहा. जब तक हम समाज के अंतिम पायदान पर पहुंचे अंतिम व्यक्ति तक खुशहाली न पहुंचा दें, यह यात्रा अधूरी है. हम समय-समय पर सेवाकार्य इसलिए करते रहते हैं. इसलिए, अभी आज से लेकर 14 तारीख तक जो बाबासाहेब भीमराव की जन्मजयंती है. ये पूरा सप्ताह हम सेवाकार्य करेंगे. सितंबर में हमारा सेवा-पखवाड़ा चलता है. इसी तरह हम लगातार सेवाकार्य करते हैं. हमारा मानना है कि हरेक व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे. आप देखिए. यह हमारी बड़ी उपलब्धि है. 1980 में 2 सीटों से आज हम 303 सीटों तक अकेले अपने दम पर पहुंचे हैं. हालांकि, हम गठबंधन धर्म को निभाते हैं, इसलिए हमने अपने साथ सभी सहयोगी दलों को साथ लेकर चल रहे हैं. यह पहली बार हुआ है कि देश को और अंतरराष्टीय समुदाय को हमने बताया कि गैर-कांग्रेसी सरकार भी चल सकती है, काम कर सकती है और यह एक वैकल्पिक मॉडल है. 1999 के पहले सारी गैर-कांग्रेसी सरकारें कार्यकाल पूरा नहीं कर पाती थीं. हमने जनता को कन्विन्स किया कि गैर-कांग्रेसी सरकारें भी चल सकती हैं, एक विकल्प हमने दिया. अंग्रेजी में कहें तो हम लॉरेल्स पर फूल कर बैठ नहीं जाते हैं. हम लगातार काम करते हैं. जो हमारे प्रधानमंत्री का नारा है, हम उसके लिए काम करते हैं. उसके साथ ही हमारे माननीय अध्यक्ष जेपी नड्डा या माननीय गृहमंत्री अमित शाह हों, वे हमें लगातार प्रेरित करते हैं कि हम जनता के लिए काम करते रहें. स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में माननीय प्रधानमंत्री जी ने सामाजिक न्याय की परिभाषा दी. उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय केवल नारा नहीं है, वह परिवारवाद, जातिवाद नहीं है. कोई भी सामाजिक कल्याण की योजना जैसे जन-धन योजना हो या आयुष्मान भारत योजना हो, वह किसी समुदाय के लिए नहीं है. वह किसी को अलग नहीं करता है. ये जो ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कंट्रीज हैं, इनका तो अब्रिविएशन (कूट अक्षर) ही बताता है कि उनके इंटरेस्ट क्या हैं, हम उनसे उम्मीद नहीं करते कि भारत के अच्छे कामों को वो अप्रिशिएट करें. उनका एजेंडा कुछ और है, हम उनके मुताबिक काम करेंगे. हमारा काम है जनकल्याण की सेवा करना. 2005 से पहले राज्य में राजद की सरकार थी. उस समय अपहरण एक उद्योग बन गया. सारे डॉक्टर, विद्यार्थी वगैरह सभी पलायन करने लगे. हम और नीतीश जी 2005 में साथ आए और हमने एक अच्छा राज दिया. 2010 में इसीलिए जनता ने हमें जमकर वोट दिया और हम पूर्ण बहुमत के साथ वापस सत्ता में आए. आपको पता है कि 2010 के बाद नीतीश जी की महत्वाकांक्षा जागी कि वह भी प्रधानमंत्री बन सकते हैं. अपने इस नेकेड एंबिशन के लिए उन्होंने बिहार के कल्याण को पीछे रख दिया, प्रशासन को बैक सीट पर रख दिया. आप ये भी जानते हैं कि 2014 में वे अकेले लड़े और उनका हश्र क्या हुआ। वह दो सीटों पर सिमट गए थे. हमें 21 सीटें मिलीं. फिर उन्होंने उन्हीं लालूजी के साथ 2015 में हाथ मिलाया, जिनकी आलोचना में वो पता नहीं क्या-क्या कहते थे. हालांकि, हमारा प्रदर्शन बुरा नहीं था, हमें डेढ़ करोड़ के आसपास वोट मिले थे. हम तो 2015 में विपक्ष में बैठे थे. हम बिहार की दुर्दशा देख रहे थे. उस समय कई भ्रष्टाचार के मामले सामने आए थे. नीतीश अपनी छवि को लेकर बहुत सचेष्ट हैं. इसलिए उन्होंने फिर 2017 में हमसे मदद मांगी. हम तो इसलिए उनके साथ आए कि हम बिहार का कल्याण चाहते थे. हमसे गलती हुई, लेकिन यह बिहार की जनता के लिए की गयी गलती थी कि हमने नीतीश कुमार पर भरोसा किया. हमारे राष्टीय अध्यक्ष और माननीय गृहमंत्री ने तो पब्लिकली घोषण कर दी है कि अब नीतीश जी के लिए सारे दरवाजे बंद हैं. आपने रामनवमी के बाद हुए दंगों और उसके बाद की बातों पर सवाल किया तो मैं बता दूं कि हम एक क्वासी-फेडरल स्टेट हैं. हमारी जो केंद्र की सरकार है, उसका लॉ एंड ऑर्डर में कोई दखल नहीं होता. गवर्नर केंद्र के प्रतिनिधि के रूप में काम करते हैं, हम उनसे रिपोर्ट मंगवाते हैं. ये संवैधानिक ढांचा है, जिसके बाहर हम नहीं जा सकते. हालात जैसे होते हैं, हम उनको अलर्ट करते हैं. जो कांग्रेस के समय होता था कि एट अ ड्रॉप ऑफ हैट, एक जो चुनी हुई सरकार है, उसे हटा दिया जाता था. क्या आप ऐसा फिर से चाहते हैं। बिहार का हरेक कार्यकर्ता उत्साह में है. हम आपको बता दें कि चुनाव आते हैं, हम उनकी तैयारी करते हैं, लेकिन सत्ता हमारा ध्येय नहीं है. हम नहीं मानते हैं कि चुनाव से हमें ऐसा कुछ प्राप्त हो जाएगा, जो अभूतपूर्व हो. हम तो सेवा के लिए सत्ता चाहते हैं या राजनीति करते हैं. बिहार के हरेक मनुष्य का कल्याण ही हमारा ध्येय है. जहां तक जातीय जनगणना का सवाल है, तो बिहार सरकार का हमने इसमें समर्थन किया है. हां, उसका स्वरूप कैसा होगा, ये जरूर गौर करने की बात है.

# बिहार में रामनवमी पर दंगा के बाद सीएम नीतीश की छवि पर पड़ेगा असर

रामनवमी के मौके पर बिहार के सासाराम और बिहार शरीफ में भारी हिंसा हुई. इसके बाद जहां राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे सुनियोजित तरीके से की गई हिंसा करार दिया तो वहीं बिहार दौरे पर आए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दंगाइयों को उल्टा लटकाएंगे. बिहार में दंगा को लेकर ओवैसी ने भी राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं. ऐसे में नीतीश कुमार जी की छवि तो जरूर इन दंगा की घटनाओं से प्रभावित होगी. चूंकि नीतीश कुमार की जो यूएसपी था वो सुशासन ही माना जाता था. लेकिन इस बार रामनवमी पर विभिन्न शहरों में जो हिंसात्मक घटनाएं हुई हैं. उसमें सासाराम और नालांदा के अलावा नवगछिया में, मुजफ्फरपुर में भी छिटपुट घटनाएं हुई हैं. रामनवमी तो था ही लेकिन नवरात्र के मूर्ति विसर्जन के दौरान भी घटनाएं हुई हैं. आम तौर पर हम सब जानते हैं कि नीतीश कुमार के पास ही पिछले 18 वर्षों से गृह विभाग की जिम्मेवारी है. ऐसे में पुलिस-प्रशासन की कमान उन्हीं के हाथ में हमेशा से रही है. आम तौर पर यह देखा जाता था कि आज से पहले यानी कि इस बार जो घटनाएं हुई हैं उससे पहले चाहे ईद हो, मुहर्रम हो, दिवाली हो या फिर छठ महापर्व हो, रामनवमी या दशहरा का जुलूस हो इन सभी मौकों पर पुलिस का जो डिप्लॉयमेंट होता था या पैरामिलिट्री फोर्स की जो तैनाती होती थी वो काफी सख्ती से होता था. चूंकि हम जानते हैं कि बिहार में छठ पूजा एक लोक आस्था का महापर्व है लेकिन इस मौके पर भी कुछ साल पहले नारियल घाट दानापुर में भगदड़ की घटना हुई थी और उसके बाद सरकार ने यह तय किया था कि वो चाहे हिंदू का पर्व हो या मुसलमान का कोई पर्व-त्योहार हो सभी में प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहेगा और पुलिस की तैनाती में कहीं कोई कोताही नहीं होगी. लेकिन इस बार पता नहीं सरकार की ओर से कमी रही या फिर स्थानीय प्रशासन ने सरकार को रिपोर्ट देने में कोई कोताही बरती या फिर मुख्यमंत्री के स्तर पर चूक हुई. चूंकि सीधे तौर गृह मंत्रालय का कार्यभार तो मुख्यमंत्री जी के जिम्मे है, तो पुलिस-प्रशासन को देखना उन्हीं का काम है और उसके लिए वे सीधे तौर पर जिम्मेवारी हैं. वो ये नहीं कह सकते हैं कि मैंने यह निर्देश दिया और नहीं हुआ. चूंकि मुख्यमंत्री के तौर पर और गृह मंत्री के नाते वो जो निर्देश देंगे वही होगा. चूंकि जिलों में एसपी से लेकर डीएम तक की जो तैनाती होती है वो इन्हीं के निर्देश पर होती है. इसमें किसी दूसरे मंत्रियों का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है. ऐसे में कहीं न कहीं इस बार तो मुख्यमंत्री की जो सुशासन की छवि रही है वो धूमिल हुई है. भाजपा और अन्य विपक्षी नेताओं का यह आरोप भी है कि मुख्यमंत्री ने कोताही बरती है. सासाराम में कुछ घटनाएं तो बिल्कुल डीएम कार्यालय के समक्ष घटित हुईं और कुछ महत्वपूर्ण इलाकों में घटी और वो पहले से संवेदनशील इलाका माना जाता था.

आम तौर पर सासाराम बहुत शांत शहर माना जाता रहा है. लेकिन कुछ इलाकों को पहले से चिन्हित किया गया था जो संवेदनशील थे और वहां पर जो पुलिस का डिप्लॉयमेंट था वो होमगार्ड के जवानों के हाथ में सौंप दी गई थी. सवाल यह उठता है कि क्या मुख्यमंत्री को पहले से इसकी भनक नहीं थी, क्या उन्हें खुफिया



विभाग ने इसे लेकर जानकारी नहीं दी थी. क्या उनके सूचना तंत्र ने उन्हें इसके बारे में नहीं बताया और अगर बताया तो फिर जानबूझकर ढिलाई बरती गई तो ये सारे सवाल मुख्यमंत्री की छवि से जुड़े हैं. नालांदा उनका गृह जिला है और वहां पर जिस तरह से घटनाएं हुईं, मंदिर से लेकर मस्जिद तक जो उपद्रव हुआ, आगजनी हुई. आम लोग इससे दहशत में आए और कुछ मुट्ठी भर उपद्रवी दिन में कई बार सड़कों पर उतर आए. इसमें ऐसा लगता है कि अगर कोई घटना घट गई, या अचानक घटी और पुलिस वहां नहीं थी तो यह अलग मुद्दा हो सकता है. लेकिन एक घटना के बाद कुछ घंटे के अंतराल पर फिर दूसरी बार वहीं पर घटना होती है तो यह तो सीधे तौर पर प्रशासन की विफलता मानी जाएगी और इसके लिए आप सीधे तौर पर सरकार को जिम्मेदार ठहरा सकते हैं, स्थानीय प्रशासन को लापरवाह बता सकते हैं. दूसरी बात यह भी है कि दंगाईयों की धर-पकड़ तब शुरू होती है जब पूरे दिन या रात तक वे सड़कों पर रहे लेकिन यह काम तो पहले भी हो सकता था. पुलिस थोड़ा और सक्रिय हो जाती. चूंकि आम तौर यह माना जाता है कि रामनवमी के मौके पर जुलूस निकलने वाला हो तो यह पहले से प्रशासन के संज्ञान में होता है. जुलूस का रूट तय किया जाता है कि वो कहां से निकलेगी और किन चौक-चौराहों या स्थानों से गुजरेगी. प्रशासन यह भी नहीं कह सकती है कि उसे इसकी जानकारी नहीं थी...तो ये सारे चीजें ऐसी हैं कि जो सरकार को कटघरे में खड़ा करती है. मुख्यमंत्री जी जोकि अपने सुशासन और बेहतर कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जाने जाते थे उस छवि पर इससे कहीं न कहीं दाग तो लग गया है. भाजपा ने तो यह भी आरोप लगाया है कि जब तक वे भाजपा के साथ रहे तब तक वे दबाव में रहते थे. उन्हें लगता था कि प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त और कानून व्यवस्था को बना कर रखनी है. लेकिन अभी वो जिन लोगों के साथ हैं वहां पर इसे लेकर कोई प्राथमिकता नहीं है. भाजपा ने यह भी कहा है कि राजद के लोग अराजकता के लिए जाने जाते हैं. इसमें दूसरी बात यह भी उभर कर आ रही जिसमें सत्ताधारी दल को, मुख्यमंत्री को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी कि तुष्टीकरण की जो नीति पिछले कुछ दिनों से अपनाई जा रही है ये जब आप बिहार की खबरों पर नजर रखेंगे तो आपको साफ तौर पर दिखाई भी देगा. जिस तरह से से शिक्षा मंत्री ने रामचरितमानस को लेकर बयान दिया है, जिस तरह से राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने अयोध्या को नफरती भूमि बताया, अब्दुल बारी सिद्दीकी को भारत में रहने से डर लगता है और वो बिहार सरकार में पूर्व मंत्री भी रहे हैं और राजद के एक बड़े मुस्लिम चेहरा हैं और बड़े नेता भी हैं बिहार के, जदयू के जो एमएलसी है रसूल गुलाम बलियावी उन्होंने जिस तरह से कहा कि हर शहर को कर्बला बना देंगे की बात कही...तो इन सब बातों से माहौल पहले से ही तल्ख था. लोगों में इन बातों को लेकर उत्तेजना थी. इन बयानों से लोगों की भावनाएं कहीं न कहीं आहत हुई थी और इन्हीं सब के परिणाम के रूप में मुझे लगता है कि रामनवमी जुलूस के दौरान या नवरात्री के दौरान ये घटनाएं सामने आई हैं...तो सरकार को इन सारे पक्षों पर विचार करना चाहिए. अपनी नीतियों की समीक्षा करनी चाहिए. प्रशासनिक तंत्र कहां पर विफल रहा. मुझे लगता है कि प्रशासन का जो मशीनरी है उसकी भी विफलता की समीक्षा की जरूरत है और नीतिगत तौर पर सरकार को दो चीजें तो सुनिश्चित करनी ही पड़ेगी कि आम लोगों की जान-माल की हिफाजत हो और दूसरा की यह उन्मादी वातावरण नहीं बनने दें. मुझे लगता है कि पिछले कुछ महीनों में जो बयानबाजी हुई और इसके पीछे की जो वोटों की राजनीति है, ध्रुवीकरण है ये सारी चीजें हैं. संभव है कि सरकार की तरफ से जो कुछ कहा गया या मंत्रियों की तरफ जो बयान दिए गये भाजपा उसका लाभ उठाने की चक्कर में है. चूंकि वोट तो सबको चाहिए और हम सब जानते हैं कि 2024 में लोकसभा का चुनाव है और 2025 बिहार विधानसभा का चुनावी साल है...तो ऐसे में जो वोटों के ध्रुवीकरण का प्रयास हो रहा दोनों तरफ से इससे भी माहौल बिगड़ा है...तो जो सवाल है कि इससे मुख्यमंत्री की छवि खराब होने की तो एक बात है कि इससे पहले बिहार में दंगा की इनके शासनकाल में एक साथ इतनी घटनाएं नहीं हुई थीं और अगर कहीं कुछ हुआ भी तो प्रशासन इतना सतर्क रही की उस पर जल्द रोक लगा दी गई लेकिन इस बार ऐसा देखने को नहीं मिला है....तो इसलिए मुख्यमंत्री जी को ही इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी. मुझे लगता है कि इसका चुनाव पर भी असर निश्चित तौर पर होगा. चूंकि चुनाव में तो मतदाता ही भाग लेते हैं. वे आम नागरिक ही होते हैं...तो उनकी भावनाएं, उनकी प्रतिक्रिया ये सब इस तरह की घटना से प्रभावित होती है. वे इसे लेकर किस तरफ वोट करेंगे, उनकी गोलबंदी किस तरह से होगी, ध्रुवीकरण किस तरह से होगा तो निश्चित तौर पर इसका असर चुनाव पर होगा. हम ये देखते हैं कि जब किसी एक समुदाय को लेकर तुष्टिकरण की राजनीति होती है तो दूसरा तबका प्रतिक्रियावादी हो जाता है और इससे फिर एक दूसरा ध्रुव भी बनने लगता है तो चाहे वो तुष्टिकरण किसी के लिए भी तो इसका असर तो चुनाव में दिखेगा.

# सिंधु जल समझौता को तोड़ सकता है भारत

सिंधु जल संधि में संशोधन को लेकर भारत की तरफ से भेजे गए नोटिस से पाकिस्तान परेशान है. भारत की तरफ से ये नोटिस जनवरी में भेजा गया था. इस नोटिस के भेजे जाने के बाद शुरू में पाकिस्तान ने कोई भी बात न करने की अकड़ दिखाई. लेकिन अब पाकिस्तान बातचीत करने को तैयार है. पाकिस्तान के विदेश विभाग की प्रवक्ता मुमताज जाहरा बलोच ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि पाकिस्तान सिंधु जल संधि को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है,और इसकी समीक्षा के लिए भारत को जवाब भी दे चुका है. बलोच ने एक बयान में ये कहा कि भारत ने 25 जनवरी को सिंधु जल आयुक्त के जरिये पाकिस्तान को संधि के अनुच्छेद 12 के तहत संशोधन के लिए बातचीत का नोटिस भेजा था. भारत ने नोटिस में सिंधु जल की समीक्षा और संसोधन की मांग रखी थी. बलोच ने ये कहा कि पाकिस्तान नेक नीयत से संधि को लागू करने और अपनी जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. जवाब सिंधु जल आयुक्त के जरिये भेजा गया है.

नोटिस में भारत ने ये कहा था कि 2017 से 2022 के बीच स्थायी सिंधु आयोग की पांच बैठकों में से किसी में भी अपनी मौजूदगी दर्ज नहीं करवाई. पाक लगातार इस मुद्दे पर चर्चा करने से इनकार करता रहा है. अब मजबूरन भारत को नोटिस जारी करना पड़ा है. इस नोटिस का मकसद 90 दिनों के अंदर पाकिस्तान को अंतर-सरकारी बातचीत करने का मौका देना है. भारत ने जम्मू-कश्मीर में किशनगंगा और रातले (चिनाब नदी पर) जलविद्युत परियोजनाओं पर विवादों को हल करने में पाकिस्तान की ÷हठधर्मिता÷ का हवाला दिया था. भारत ने पाकिस्तान को जवाब देने के लिए 90 दिनों का वक्त दिया था. अगर पाकिस्तान जवाब नहीं देता है तो भारत इस मामले में



कार्रवाई कर सकता है. पाकिस्तान को इस बात का भी डर था कि भारत संधि को तोड़कर पाकिस्तान को जल देने से इनकार न कर दे. ब्रिटिश राज के दौरान दक्षिण पंजाब में सिंधु नदी घाटी पर एक बड़ा नहर बनवाया गया था. ये नहर उस इलाके के लिए बहुत फायदेमंद साबित हुई और दक्षिण एशिया का एक प्रमुख कृषि क्षेत्र बन गया. भारत और पाकिस्तान के बीच हुए बंटवारे में पंजाब को विभाजित किया गया और इसका पूर्वी भाग भारत के पास और पश्चिमी भाग पाकिस्तान को मिल गया. बंटवारे के दौरान ही सिंधु नदी घाटी और इसके विशाल नहरों का भी बंटवारा हो गया. विभाजन के बाद इससे होकर मिलने वाले पानी के लिए पाकिस्तान पूरी तरह भारत पर निर्भर था. पानी के बहाव को बनाए रखने के उद्देश्य से पूर्व और पश्चिम पंजाब के चीफ इंजीनियरों के बीच 20 दिसंबर 1947 को एक समझौता हुआ. इस समझौते के तहत भारत को बंटवारे से पहले तय किया गया पानी का निश्चित हिस्सा 31 मार्च 1948 तक पाकिस्तान को देते रहना तय हुआ. 1 अप्रैल 1948 को समझौते के खत्म हो जाने के बाद भारत ने दो प्रमुख नहरों का पानी रोक दिया. इससे पाकिस्तान के पंजाब की 17 लाख एकड़ जमीन पर पानी की बड़ी मुसीबत आ खड़ी हुई. 1951 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने टेनसी वैली अथॉरिटी के पूर्व प्रमुख डेविड लिलियंथल को भारत बुलाया. लिलियंथल पाकिस्तान भी गए और अमेरिका लौटकर सिंधु नदी घाटी के बंटवारे पर एक लेख लिखा. ये लेख विश्व बैंक प्रमुख और लिलियंथल के दोस्त डेविड ब्लैक ने भी पढ़ा और ब्लैक ने भारत और पाकिस्तान के प्रमुखों से इस बारे में संपर्क किया.

# किरण रेड्डी-अनिल एंटनी की एंट्री, साउथ मिशन और वंशवाद

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ए.के. एंटनी के बेटे अनिल एंटनी और संयुक्त आंध्र प्रदेश के आखिरी मुख्यमंत्री और चार बार से विधायक रहे एन. किरण रेड्डी का कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल होना मेरे लिए कोई अद्भूत न्यूज़ नहीं है. जहां तक अनिल एंटनी की बात है तो उन्हें मैं व्यक्तिगत तौर पर जानता हूं. पिछले करीब 7-8 वर्षों से अनिल एंटनी को देखता रहा हूं. मैंने ये भी देखा है कि अनिल एंटनी के बीजेपी में शामिल होने पर पूर्व रक्षा मंत्री ए.के. एंटनी ने दुख व्यक्त किया है.

केरल में एंटनी के बेटे का बीजेपी से जुड़ना एक इंडिपेंडेंट थॉट प्रोसेस हैं. अनिल एंटनी बहुत ही सुलझे हुए और पढ़े-लिखे शख्स हैं. मैं कांस्टीट्यूशन क्लब में उस वक्त अनिल एंटनी से मिलता था या फिर देखा करता था, जब उनके पिता सत्ता में थे. ये जमीन से जुड़ा हुआ और बहुत साधारण है. कभी अपने पिता के चोला को पहनकर बाहर नहीं दिखते थे. ऐसे लोग जब पार्टी में आते हैं तो बीजेपी को लेकर कहीं न कहीं देश के लोगों के बीच एक प्रतीकात्मक पहचान बन रहा है. एके एंटनी के बेटे का बीजेपी में आना, ये हिन्दुत्व के आधार पर नहीं बल्कि राष्टीयता, सोच, देश की दिशा और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के आस्था के आधार पर मुमकिन हुआ है. आज कांग्रेस में वैसे भी बगावत की झड़ी है. जो नई पीढ़ी की कांग्रेस है वो कांग्रेस नेतृत्व से उब चुका है. ये तो एक पहलू है ही, लेकिन दूसरा पहलू भारतीय जनता पार्टी है. जहां तक आंध्र प्रदेश की



बात है तो वहां पर भी एक बड़ा वैक्यूम है. कांग्रेस वहां पर विकल्प में है ही नहीं. इससे स्वभाविक है कि बीजेपी की तरफ लोग देख रहे हैं. आंध्र प्रदेश के बंटवारे के बाद बड़ी पार्टी के तौर पर बीजेपी वहां पर उभर कर सामने आ रही है. एन. किरण रेड्डी का आना अपने आप में इस बात को प्रमाणित करता है. इसलिए देश में, खासतौर पर दक्षिण भारत में बीजेपी का विस्तार प्रत्यक्ष रूप से दिख रहा है. आने वाले समय में हमारी बड़ी भूमिका दक्षिण में होगी. बीजेपी का विस्तार एक लक्ष्य के साथ हो रहा है. इसमें बड़े-बड़े नेताओं का पार्टी में जुड़ना, सांकेतिक तौर पर एंटनी परिवार का केरल में जुड़ना, ये सब अपने आप में प्रमाण है कि पार्टी का कद बड़ा हो रहा है. जहां तक लेफ्ट की बात है, तो पश्चिम बंगाल से बाहर, केरल से बाहर अब तो उनका एक प्रतीकात्मक संदर्भ ही रह गया है. मैं समझता हूं कि अब लेफ्ट का देश में कोई संदर्भ बचा हो, ऐसा नहीं लगता है. इस पर हम बात करके अपना समय व्यर्थ न करें जब तक कि वो कुछ सैद्धांतिक रुप से घोषणा न करते हों. वामपंथी दलों का जनाधार देश से बिल्कुल विलुप्त हो चुका है. जहां तक वंशवाद को बढ़ावा देने वाली बात है तो बीजेपी में न कभी ऐसी कोई परंपरा रही है और न ऐसा है. ये तो पार्टी का विस्तार हो रहा है और ये अगली पीढ़ी है. वंशवाद तो ये होता है कि जब एक घर के परिवार को बुलाकर जिम्मेदारी दी जाए. भारतीय जनता पार्टी में ऐसी कोई परंपरा नहीं है. न रहेगी और न ऐसा कुछ होने वाला है और न देश के प्रधानमंत्री इस पर कोई सहमति दिखाएंगे. सैद्धांतिक रुप से हम लोगों का एक साधारण कार्यकर्ता भी देश का प्रधानमंत्री बन सकता है. यही पीएम मोदी ने प्रमाणित किया है. इसलिए, वंशवाद वगैरह तो वहीं लागू होता है, जहां से होता रहा है.

# कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य को दी गई आत्मीय विदाई

## नवांगत कलेक्टर मयंक अग्रवाल का हुआ स्वागत





**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिला प्रशासन की ओर से नवागत कलेक्टर मयंक अग्रवाल का स्वागत किया गया तो वही पूर्व में अपनी सेवाएं देने वाले कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य का विदाई समारोह समस्त अधिकारियों कि उपस्थिति आयोजित किया गया। इस अवसर पर विदा ले रहे कलेक्टर एस. कृष्ण चैतन्य ने कहा विदाई समारोह में सभी बहुत अच्छा बोलते है जिससे बहुत अच्छा महसूस होता है। सभी लोग आपके गुण के बारे में बोलते है। जो पहचान मिलनी चाहिए वह विदाई समारोह सभी लोग देते है। सभी वक्ताओं ने जो भी मेरे बारे में बोला है उनके हर एक शब्द के लिये मैं उनका धन्यवाद देता हूं। सभी लक्ष्यो को प्रशासन की टीम ने अच्छे तरीके से करने के प्रयास किये है। सभी चीजों में दमोह ने बाकी जिलों की अपेक्षा अच्छा काम किया है जिससे काम का बेहतर निष्पादन करने में आगे रहे है, यह आप सभी की मेहनत और समर्पण भाव से ही हुआ है। यही समर्पण भाव हम सभी को आगे भी लगातार रखने की जरूरत है। जिससे हम आम लोगों की जिन्दगी में बेहतर बदलाव ला सकेंगे, यही सभी से अपेक्षा की जाती है। नवागत कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने कहा कि कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य हमारे बेचमेट भी है और मैं पहले से उनको जानता हूं। एस कृष्ण चैतन्य हमारे लिये एक मात्र सलाहकार थे कि यदि कोई नियम कायदा पूछना हो तो सीधे उन्ही के पास जाते थे क्योकि उन्हें नियम कानून का बहुत ही अच्छी जानकारी रहती थी। जैसा की सभी जानते होंगे कि एस कृष्ण चैतन्य कितने नियम के पक्के है। दवाब में भी बहुत अच्छे से काम करना एक मजबूत आदमी कि निशानी है जो गुण एस कृष्ण चैतन्य मे है। उन्होंने कहा एस कृष्ण चैतन्य ने जो नींव यहां पर रखी है मैं पूरी कोशिश करूंगा। एस कृष्ण चैतन्य यहां से बहुत ही अच्छा कार्यकाल निकाल कर जा रहे है, अब मनरेगा कमिश्नर बनेगें जिससे पूरे प्रदेश को वह मार्गदर्शन मिलेगा जो आप एक छोटे से जिले में दे पा रहे थे। मैं उन्हें आगे की यात्रा के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। जनसंपर्क अधिकारी वाई ए कुरैशी ने कहा कलेक्टर सर के साथ खट्टी नहीं मीठी-मीठी यादें भी हैं। सर ऊपर से जितने सख्त दिखते हैं अंदर से ही उतने नरम है। वे हमेशा परिवार के रूप में हम सभी को लेकर चलते थे, सर सभी को तुरंत ही सर्टिफिकेट दे देते थे कोई अच्छा करता था तो तुरंत वेरी गुड बोलते थे और गलत काम किया तो बोलने में कभी नहीं चूकते थे।

## झरगांव में पवन पुत्र श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद। जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झरगांव में बड़ी धूम धाम से कलस शोभा यात्रा के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हनुमान मंदिर से संकीर्तन मंडली के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा प्रारंभ कर गांव के इष्ट देवी मां कुलेश्वरी मंदिर से गुजर कर तेतलपारा होते हुए पुनः हनुमान मंदिर पहुंचे यह शोभायात्रा 2 किलोमीटर तक की गई जिसमें बड़ी संख्या में बाल कन्याएं एवं महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुई एवं बजरंग दल के द्वारा श्री हनुमान जी का जोर शोर से नारा लगाया वीर बजरंगी के उद्घोष से झरगांव का पूरा माहौल भक्ति मय नजर आय। क्लास शोभायात्रा के पश्चात श्री हनुमान मंदिर में विधि विधान से मंत्रोच्चारण कर हनुमान जी का पाठ किया गया एवं वीर बजरंगी श्री हनुमान जी का आरती कर प्रसाद वितरण किया गया एवं भंडारा दिया गया। इस मंदिर के मुख्य कर्ता श्री सदानंद मांझी श्रीमती चंद्राय मांझी इस मंदिर के पूजा श्री परमेश्वर दास वैष्णव जी रहे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह 12 बजे से जन्मोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से किया गया। जिसके बाद पूजन-अर्चन हुआ। पंडित श्री परमेश्वर दास वैष्णव जी ने हनुमान जी के जीवन पर प्रकाश डाला। उनके शक्ति एवं श्रीराम के साथ किए गए सहयोग का उल्लेख किया। प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि माता सीता के सिर पर लगे सिदूर के बारे जब जानना चाहा, तो माता ने कहा कि ये भगवान राम को प्रिय है। उनके दीर्घायु जीवन कामना के लिए लगाती हूं। इस पर हनुमान जी ने कहा कि जब भगवान को अति प्रिय है सिदूर, तो क्यों न हम पूरे शरीर पर सिदूर का लेपन कर लूं, जिससे भगवान पर किसी भी प्रकार का कष्ट न आए और वह दीर्घायु बने रहे। सुबह में मंदिर पर पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। बाद में प्रसाद वितरण किया गया एवं भंडारा आयोजित किया।



## शुक्रवार को भागवत कथा के समापन के अवसर पर विशाल बाल कन्या भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया

**खरगोन से पुष्पांजली टुडे से मुन्ना खान की रिपोर्ट**



टांडा बरूड़ में नगर बरूड़ के झीरा वाली माता बागेश्वरी झिरेवाली माता मंदिर बड़ी संख्या में बाल बाल कन्याओं को भोजन कराया गया। संगीतमय देवी भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का ज्वारे विसर्जन के साथ समापन टांडा बरूड़ नगर में मोहिनी नदी किनारे स्थित बागेश्वरी झिरा वाली माता मंदिर परिसर में 31 मार्च से? 6 अप्रैल तक संगीतमय देवी भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन महिला मंडल एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग किया गया था व्यासपीठ से पंडित अंतेश व्यास ने अपनी सुमधुर वाणी से देवी भगवती पर आधारित विभिन्न प्रसंगों पर आधारित कथा का रसपान दोपहर 12 से 4 बजे सुमधुर भजनो के साथ ही साथ देवी मां भागवत कथा का रसपान कराया गया गुरुवार को ज्वारे विसर्जन परसाई की बाड़ी में जाकर किया गया उक्त जानकारी महिला मंडल की अध्यक्ष कुसुमलता उदेनिया दीदी ने दी और कहा कि देवी भागवत कथा के समापन पर शुक्रवार को विशाल बाल कन्या भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है ग्राम वासियों से अपील है कि अपनी बाल कन्याओं को बागेश्वरी झिरा वाली माता मंदिर परिसर में पहुंचे सभी माता बहनों ने संयोग किया गया और बाल कन्याओं को भोजन परोसा गया सभी का अच्छा खासा संयोग रहा।

# कलेक्टर प्रभात मलिक की विशेष पहल, मेधावी विद्यार्थियों को मेडिकल-इंजीनियरिंग की दी जाएगी निःशुल्क कोचिंग

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद-जिले के प्रतिभावान और इच्छुक छात्र-छात्राओं को निशुल्क मेडिकल और इंजीनियरिंग की कोचिंग दी जाएगी। कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने विद्यार्थियों की कोचिंग व्यवस्था के लिए विशेष पहल की है। बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा चयनित उत्कृष्ट कोचिंग संस्थान द्वारा उच्च गुणवत्ता की कोचिंग दी जाएगी। कोचिंग संस्थान बच्चों को बेहतर तकनीक की मदद से ऑडियो वीडियो तरीके से मेडिकल-इंजीनियरिंग की तैयारी करवाएंगे। साथ में जिले के विषय विशेषज्ञ शिक्षक गण बच्चों के डाउट क्लियर करने में भी मदद करेंगे। कलेक्टर श्री मलिक ने इसके लिए प्रत्येक विकासखंड में दो केंद्रों का चयन करने और प्रत्येक केंद्रों में दो विषय विशेषज्ञों के इंतजाम कर आवश्यक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में एडीएम श्री अविनाश भोई, डीईओ श्री डी.एस. चौहान सहित सभी बीईओ, बीआरसी और प्रिंसिपल शामिल हुए।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री मलिक ने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्रों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने विकासखंड वार और स्कूलवार अभी तक बन चुके और बनाने के लिए लंबित जाति प्रमाण पत्र की जानकारी ली। साथ ही छूटे हुए बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य को अप्रैल माह तक पूर्ण करने के निर्देश सभी बीईओ ङ्क बीआरसी को दिए। कलेक्टर ने जाति प्रमाण पत्र की अद्यतन स्थिति जानने के लिए स्कूलवार बच्चों का पंजीयन, जारी जाति प्रमाण पत्र, लंबित आवेदन और पात्र बच्चों की जानकारी युक्त संयुक्त प्रतिवेदन सभी बीईओ ङ्क बीआरसी को भी देने के निर्देश दिए। उन्होंने जानकारी एकत्र कर जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में प्रगति लगाते हुए तेजी से कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में जिले के सभी



स्कूलों में अधोसंरचना के कार्य और स्कूलों में बैठक व्यवस्था, बिजली, पंखा, लाइट की सुविधा की भी जानकारी ली। साथ ही स्कूलों के फर्श की स्थिति, मरम्मत योग्य कार्य, छत एवं पानी-शौचालय आदि व्यवस्था की भी जानकारी लेकर आवश्यकता अनुसार सभी सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में रिक्त और भरे हुए शिक्षकों के पद की भी जानकारी ली। उन्होंने अतिरिक्त और अतिशेष शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में शिक्षकीय व्यवस्था के अनुरूप शिक्षण कार्य में लगाने के निर्देश दिये। एकलव्य, नवोदय, डीएवी स्कूलों की भी हुई समीक्षा ङ्क कलेक्टर श्री मलिक ने जिले में संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय, नवोदय और डीएवी स्कूलों की भी समीक्षा की। बैठक में छुरा स्थित एकलव्य विद्यालय में लो वोल्टेज के कारण पानी की समस्या की जानकारी होने पर उन्होंने तत्काल बिजली व्यवस्था दुरुस्त करते हुए पानी सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आवासीय विद्यालय में टेबल, कुर्सी, लाइट आदि की भी जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि पांडुका में खराब सड़क के कारण नवोदय के छात्र छात्राओं को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने इस समस्या को दूर करने सीसी रोड का प्रस्ताव बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार डीएवी देवभोग में बाउंड्रीवाल एवं खेल मैदान की आवश्यकता बताई गई। कलेक्टर ने इस पर भी सुविधा सुनिश्चित करने आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# रामपुर में कंस बध के बाद महिला दंगल 11 हजार तक का इनाम

## मध्य प्रदेश की रानी राणा अब्बल भोपाल की विमला को दी मात

सबलगढ़ - सबलगढ़ की रामपुर कला घाटी क्षेत्र की 12 पंचायतों द्वारा दो दिवसीय मेले में प्रथम दिन कंस वध मैला का आयोजन दूसरे दिन अखिल भारतीय



महिला दंगल का आयोजन किया गया जिसमें पंजाब हरियाणा उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश के पहलवानों ने अपनी अपनी दंगल में सहभागिता दी जिसमें मुख्य बात यह रही कि मध्यप्रदेश की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेस्डर अंतरराष्टीय पहलवान रानी राणा ने 3 महिला पहलवानों के साथ दगल में भाग लिया जिसमें 20 मुकाबले हुए प्रथम मुकाबला ?100रुपये से प्रारंभ हुआ और मुकाबले में इनाम की राशि बढ़कर 11000 तक पहुंच गई कमेटी के अध्यक्ष विनोद जादोन ने विजेता रानी राणा को ?11000रुपये की इनामी राशि प्रदान की गई रानी राणा और विमला के बीच मुकाबला केवल 2 मिनट चला और रानी ने विमला को चारों कोने चित् कर दिया इंदौर से आई वहनाराम भाई ने गुना की मोनिका को हराया इस मुकाबले को देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग दंगल स्थल पर एकत्रित हुए दगल के बीच में उपद्रव की उपस्थिति देखाई दी तभी रामपुर थाना प्रभारी पवन भदौरिया अध्यक्ष विनोद जादोन ने दंगल को कुछ देर के लिए रोक दिया शांत वातावरण के बाद दंगल नाल उठाने की प्रतियोगिता से पुनः प्रारंभ किया गया इसमें अभिमन्यु करौली मलखान रावत कान्हा यादव विनीत हाथरस पवन कल्ली पहलवान मुरैना कालीचरण यादव सोनू जादोन करौली ने 102 किलो वजन की नाल उठाई और तभी यूपी हाथरस से आए टाईगर पहलवान ने 115 किलो की नाल को एक हाथ से हवा में लहरा दिया जिस से प्रसन्न होकर समिति के अध्यक्ष विनोद जादोन कोषाध्यक्ष भूरा जादोन राजेनद् सिह जादोन नै टाइगर को सम्मानित कर नगदी राशि वतोर पुरुस्कार दिया रामपुर में कंस वध के दिन एवं मेला दंगल के दूसरे दिन हजारों लोगों की भीड़ देखने को मिली लोगों को पहली बार महिला दंगल देखने को मिला ऐसे अद्धुतीय अदभुत अकल्पनीय कार्यक्रम की सभी ने भूर भूर प्रशंसा की उन सभी का यह भी कहना था कि ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में होते रहना चाहिए।।

# संसार में कृष्ण व सुदामा जैसा मित्र होना दुर्लभ है भागवताचार्य रामेश्वर दयाल शर्मा

## भोआवालै हनुमान मंदिर परचलरहा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

सबलगढ़ ।।सबलगढ़ शहर में भोआ वाले हनुमान मंदिर पर संगीतमय श्रीमद् भागवतकथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से किया जा रहा है जो 2 अप्रैल से प्रारंभ होकर सात दिवस तक भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें वृंदावन से पधारे आचार्य भागवता आचार्य रामेश्वर दयाल शर्मा अपनी अमृतवाणी से भक्तों को रसपान करा रहे हैं आचार्य जी ने भक्तों को गोवर्धन पूजा के बारे में बताया कि भगवान कृष्ण ने इंद्र के घमंड को चूर करने के लिए अपने गौ माताओं को एवं भक्तों को बचाने के लिए भारी-भरकम पर्वत को एक उंगली पर उठा कर भक्तों एवं गौ माताओं कोवारिस एवं आंधी से उनकी जान बचाई आचार्य जी ने कहा कि कलयुग में गोवर्धन की पूजा पापों से मुक्ति दिलाती है कथा समापन 1 दिन पहले रामेश्वर दयाल शर्मा जी ने भक्तों को सुदामा चरित्र की कथा सुनाई जिसमें उन्होंने कहा कि संसार में कृष्ण व सुदामा जैसा मित्र होना दुर्लभ है कृष्ण और सुदामा की मित्रता अलौकिक थी उनके हृदय में भेदभाव एकमात्र नहीं था यह बात कथा व्यास आचार्य शर्मा ने भोआ वाले हनुमान जी पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सुदामा दरिद् होने पर भी कृष्ण कै पास हाथ फैलाने नही गये जब कृष्ण के पास गयै तब कृष्ण ने ऊन्है महल मे लैजाकर ऊनकै पैरो मे से शूलकै काटे निकाले उनसे रक्त की थारा वह रही थी कृषण ने अपने अश्रुओ से पगसुदामा के धोये ऊन्हे नवीन कपडे पहिनाकर कृष्ण एव रुकमनी ने सब कुछ सुदामा कोऊन की भावना के अनुरुप सुदामापुरी को विश्वकरमा से कह कर सुन्दर सोनै की नगरी वना डाली कहावत है कि बिन मांगे मोती मिले मांगे मिले न भीख सुदामा की पोटली में जो चावल के दाने थे उसमें से दो दाने कृष्ण और रुक्मणी नेअपने मुंह में रखकर सुदामा परिवार को अपने ब्रह्मांड का वह सब कुछ दे डाला आचार्य ने कहा कि अपने जीवन को शालीनता पूर्वक और सरल रखकर ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है इस अवसर पर कथा कै यजमान रामदास बाबा उनके अनुयाई भी उनके साथ थे श्रीमद् भागवत कथा का मूल पाठ नीरज शास्त्री जोरा वालों के द्वारा किया गया है और श्रीमद् भागवत कथा के यजमान रामदास बाबा भोआ वाले हनुमान जी हैं इस अवसर पर आज क्षेत्रीय विधायक के पुत्र ललित कुशवाहा और उनके निज सचिव विशंभर दयाल गुप्ता श्रीपद प्रजापति नगरपालिका पार्षद नथमल गुप्ता समाज सेवी वरिष्ठ पत्रकार मीरा कुशवाहा उनके पुत्र अनिल कुशवाहा द्वारा माल्यार्पण कर आचार्य जी से आशीर्वाद लेकर पूजा अर्चना कर कथा की आरती की गई इसके साथ ललित कुशवाहा एवं वरिष्ठ पत्रकार समाज सेवी नथमलगुप्ता ने रामेश्वर दयाल शर्मा भागवत आचार्य को शॉल और श्रीफल भेटकर उनका वन्दन अभिनंदन किया इस अवसर पर कथा स्थल पर भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी भजनों पर श्रद्धालु महिलाएं झूम रही थी कथा के आयोजकों एवं रामदास बाबा नै भक्तों से अपील की है की आज भोआवालै हनुमान जी पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है सभी भक्त श्रद्धालु भागवतकी भोजन प्रसादी लेने अवश्य पहुंचे।



# दस काम जो पूजा के वक्त हमेशा करने चाहिए



शालिग्राम की मूर्ति जितनी छोटी हो वह उतनी फलदायक है। कुशा पवित्री के अभाव में स्वर्ण की अंगूठी धारण करके भी देव कार्य सम्पन्न किया जा सकता है।

मंगल कार्यो में कुमकुम का तिलक प्रशस्त माना जाता है।

आचमन तीन बार करने का विधान है। इससे त्रिदेव ब्रह्मा,विष्णु और महेश प्रसन्न होते हैं। दाहिने कान का स्पर्श करने पर भी आचमन के तुल्य माना जाता है।

भगवान के चरणों की चार बार, नाभि की दो बार, मुख की एक बार या तीन बार आरती उतारकर समस्त अंगों की सात बार आरती उतारनी चाहिए।

भगवान की आरती समयानुसार जो घंटा, नगाड़ा, झांझर, थाली, घ?ावल या शंख इत्यादि बजते हैं उनकी ध्वनि से आसपास के वायुमण्डल के कीटाणु नष्ट हो जाते हैं। नाद ब्रह्मा होता है। नाद के समय एक स्वर से जो प्रतिध्वनि होती हैं उसमें असीम शक्ति होती हैं।

हवन में अग्नि प्रज्वलित होने पर ही आहुति दें। समिधा अंगूठे से अधिक मोटी नहीं होनी चाहिए तथा दस अंगुल लम्बी होनी चाहिए। मेरूहीन माला या मेरू का लंघन करके माला नहीं जपनी चाहिए। माला, रूद्राक्ष, तुलसी एवं चंदन की उत्तम मानी गई हैं। माला को अनामिका, पर रखकर मध्यमा से चलाना चाहिए।

तिलक कराते समय सिर पर हाथ या वस्त्र रखना चाहिए। माला का पूजन करके ही जप करना चाहिए। ब्राह्मण को या द्विजाती को स्नान करके तिलक अवश्य लगाना चाहिए।

जप करते समय दाहिने हाथ को कपड़े या गौमुखी से ढककर रखना चाहिए। जप के बाद आसन के नीचे की भूमि को स्पर्श कर नेत्रों से लगाना चाहिए।

जप करते समय जीभ या होंठ को नहीं हिलाना चाहिए। इसे उपांशु जप कहते हैं। इसका फल सौ गुणा फलदायक होता है।

# हथेली के बीच में है तिल तो हो सकते हैं मालामाल



शरीर के अलग-अलग भागों में तिल होने का अलग-अलग मतलब है। हथेली में और उंगलियों में तिल के होने का अपना अलग ही महत्व है। अकसर हथेली में तिल होना अच्छा माना जाता है। हथेली के बीच में तिल होने को भी बहुत ही शुभ माना जाता है। ज्योतिषियों के अनुसार कहा जाता है कि इससे शादीशुदा लाइफ बहुत ही अच्छी रहती है। इसके अलावा अंगलियों और हथेली के कई हिस्सों में तिल के होने के अलग-अलग मायने होते हैं। यहां हम आपको बता रहे हैं ऐसी जानकारी के बारे में। आगे की स्लाइडों में पढ़ें ये टिप्स

1.हथेली के बीच में तिल होने को भी बहुत ही शुभ माना जाता है। ज्योतिषियों के अनुसार कहा जाता है कि इससे शादीशुदा लाइफ बहुत ही अच्छी रहती है। यही नहीं कई लोगों के हथेली के पीछे और आगे वाले भाग में तिल होता है जिसे बहुत ही शुभ माना जाता है। काह जाता है कि ऐसा इंसान बहुत ही अमीर बनता है और उसकी जिंदगी में बहुत खुशियां आती हैं।

2. जिन लोगों के अंगूठे पर तिल होता है ऐसा व्यक्ति काम करने में परफेक्ट, दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करने वाला और न्यायप्रिय होता है।

3. जिन लोगों की तर्जनी उंगली पर तिल होता है ऐसा व्यक्ति विद्यावान, गुणवान और धनवान होता है। लेकिन ऐसे व्यक्ति को शत्रु बहुत परेशान करते हैं।

4. जिन लोगों की मध्यमा उंगली पर तिल होता है ऐसा व्यक्ति जीवन भर सुखी रहता है। उसका पूरा जीवन शांतिपूर्ण बीतता है।

5. जिन लोगों की कनिष्ठा पर तिल होता है तो वह व्यक्ति संपत्तिवान होता है लेकिन उसके जीवन में दुख भी होता है।

# आपके घर में पैसों की कमी को दूर कर सकते हैं ये 4 उपाय

घर में वास्तु दोष होने पर हमेशा पैसों की कमी बनी रहती है। कहा जाता है कि इससे अगर घर में पितृदोष है तो हमेशा धन की कमी बनी रहती है। ऐसे लोगों के हाथ में पैसा रुकता भी नहीं है और इन लोगों के खर्चे ज्यादा होते हैं। वास्तु के अनुसार आज हम आपको बता रहे हैं ऐसे 5 उपाय जो आपके घर में पैसों की कमी को दूर कर सकते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप घर में सकारामत्क ऊर्जा भी ला सकते हैं। आगे की स्लाइड में पढ़ें ये टिप्सः-

1. पानी से भरी सुराही या घड़ाः घर की उत्तर दिशा बहुत महत्वपूर्ण होती है। इस दिशा को कुबेर की दिशा कहा जाता है। इस दिशा में रोज पानी से भरी सुराही या घड़ा रखना चाहिए। कहा जाता है कि इस वास्तु के उपाय को करने से घर में कभी पैसों की कमीं नहीं होती है। लेकिन इस सुराही को रोज बदलना चाहिए। रोज इसका पानी निकाल साफ पानी बदलना चाहिए।

2 वास्तु देवता की तस्वीरः घर में वास्तु देवता की मूर्ति या तस्वीर रखनी चाहिए। कहा जाता है कि इसे रखने से घर के सभी वास्तु दोष दूर हो जाते हैं। इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा नहीं रहती है और धन लाभ के योग बनते हैं।

3 पंचमुखी हनुमानः भगवान हनुमान की पंचमुख वाली मूर्ति या तस्वीर घर में पैसों की कमी को दूर करती है। इसे घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा में लगाना चाहिए।

# आपके दिमाग के लिए काफी फायदेमंद है कुकिंग, नहीं होती ये बीमारियां! जानिए कैसे?

मानसिक स्वास्थ्य की जब बात आती है तो हम एक्सरसाइज, खेल कूद और फिजिकल एक्टिविटीज को काफी महत्व देते हैं. लेकिन शायद ये कम ही लोग जानते हैं कि कुकिंग यानी खाना पकाना भी मेंटल हेल्थ को बूस्ट कर सकता है. जी हां, होम कुकिंग यानी घर में भोजन पकाना और खाना दिमाग को तेज और स्वस्थ बनाने में अहम भूमिका निभा सकता है. हेल्थ एक्सपर्ट भी होम कुकिंग को मेंटल हेल्थ बूस्टर की तरह मानते हैं. जाहिर है आपके मन में भी यह सवाल उठ रहा होगा कि आखिर कुकिंग का मेंटल हेल्थ से क्या लेना देना. दरअसल जिन लोगों कुकिंग का शौक होता है, उन्हें देखने पर पता चल जाता है कि वो कुकिंग को मेंटली कितना इन्जॉय करते हैं क्योंकि खाना पकाने की हर प्रोसेस असल में आपके दिमाग को ताजा, मजबूत और फोक्सड रखने में मदद करती है.सेंस करने की पॉवर बढ़ती है दरअसल जब हम खाना पकाते हैं तो हमारी सेंस पॉवर बढ़ जाती है. किस चीज को कितना पकाना है, कितने मसाले डालने हैं, इसके लिए हमें सेंस बढ़ाने की जरूरत पड़ती है. इसकी मदद से हम बिना तोले और मापे अपने अंदाज से चीजों को सही समय पर पकाते हैं. इसका फायदा ये होता है कि इस दौरान दिमाग शांत होता है और



डाइवर्ट हो जाता है और परेशानी कम हो जाती है. इसके अलावा मानसिक बीमारियों से बचने के साथ साथ आपके सोचने समझने की शक्ति भी बढ़ती है. मेडिटेशन की तरह काम करता हैइंग्रेडिएंट्स तैयार करना, सीजनिंग को कस्टमाइज करना और खाना पकाने की प्रक्रिया को देखना ये सभी स्किल हैं जो कुकिंग आपका ध्यान उन चीजो से हटाकर केंद्रित रहने में मदद कर सकती हैं जिनसे आपको बचना चाहिए. ये कुछ प्रकार के मानसिक रोगों को ठीक करने में प्रभावी है.मोटर स्किल बूस्ट होती हैजब हम सब्जी काटते हैं तो चाकू किस तरह चलाना है, कितने प्रेशर से चलाना है और कितनी गहराई तक सब्जी काटनी है, इसके जरिये हमारा मोटर स्किल बूस्ट होता है. फोकस्ड माइंड की जरूरत जब हम सब्जी पकाते हैं तो हमारा फोकस बढ़ता है, जरा सी गलती और सब्जी का जल जाना, दूध का फट जाना और उबल कर बाहर गिर जाना. इन सबके लिए माइंड फोकस की जरूरत होती है. सब्जी पकने में लगने वाला समय, उसके पकने पर ध्यान फोकस करना, सही मसालों का कॉम्बिनेशन करते समय फोकस करने की जरूरत है और इसी प्रोसेस से माइंड को फोकस्ड करने में काफी मदद मिलती है।

# समय से न्याय हेतु तय जवाब दावे की अवधि

देश में उपभोक्ताओं को न्याय प्रदान करने के लिए गठित उपभोक्ता आयोग के पास उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत ऐसी कई विधिक शक्तियां हैं जिनके बल पर आयोग पीड़ित व शोषित उपभोक्ता को समयबद्ध न्याय दे सकता है। उपभोक्ता द्वारा न्याय प्राप्ति के लिए दर्ज कराई गई शिकायत पर विरोधी पक्ष यानि जिनके विरुद्ध शिकायत की गई है,वह परिवाद की जानकारी मिलने के 30 दिन के अंदर अपना जवाब या फिर आपत्ति दे सकता है और उपभोक्ता आयोग को उपभोक्ता अधिनियम में उल्लिखित 15 दिनों की निर्धारित अवधि से अधिक के विरोधी पक्ष के लिखित बयान को दाखिल करने में देरी को माफ करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।



एक मामले में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के समक्ष विरोधी पक्ष ने 45 दिनों की अवधि के बाद लिखित बयान दाखिल किया। आयोग ने यह कहते हुए देरी को माफ करने से इनकार कर दिया,कि %उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 13 (1) (ए) के तहत प्रदान किए गए लिखित बयान को दाखिल करने का समय अब उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 38 (2) (ए) द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है जो 20 जुलाई 2020 से लागू है, के तहत जवाब दावा दाखिल करने का समय समाप्त हो गया है। इस आयोग के पास कानून में प्रदान किए गए अनुसार 30 + 15 दिनों से अधिक की देरी को माफ करने की शक्ति नहीं है।%

आयोग के इस आदेश के खिलाफ विरोधी पक्ष ने विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर कर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस एमएम सुंदरेश ने उक्त एसएलपी को खारिज करते हुए कहा, %यह विवाद में नहीं है कि लिखित बयान 45 दिनों की अवधि से परे दायर किया गया था। फाइल करने की सीमा की अवधि 30 दिन है, जिसे केवल 15 दिनों तक ही माफ किया जा सकता है। जैसा कि इस न्यायालय द्वारा इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बनाम हिली मल्टीपर्पज कोल्ड स्टोरेज (पी) लिमिटेड मामले में देखा गया है। ट्रिब्यूनल के पास क़ानून में उल्लिखित निर्धारित अवधि से अधिक देरी को माफ करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।

हिली मल्टीपर्पज कोल्ड स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड मामले में, संविधान पीठ ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 उपभोक्ता फोरम को 45 दिनों की अवधि से आगे का समय बढ़ाने का अधिकार नहीं देता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धारा 13 के तहत निर्धारित समय अवधि अनिवार्य है। यह भी देखा गया कि शिकायत के साथ नोटिस प्राप्त होने के समय से समय सीमा शुरू होगी, न कि केवल नोटिस भेजने की तिथि से। जवाबदावे के लिए समय सीमा का निर्धारण करने के पीछे समयबद्ध न्याय प्राप्त कराना है। उपभोक्ता अधिनियम 2019 उपभोक्ता शिकायतों की सुनवाई को बार-बार स्थगित करने के पक्ष में नहीं है। लेकिन फिर भी कहीं उपभोक्ता आयोगों में कोरम का अभाव, कहीं वकीलों की हड़ताल तो कहीं किसी एक पक्ष द्वारा या फिर दोनों पक्षों द्वारा बार-बार तारीख लेने की प्रवृत्ति के चलते उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण में देरी हो जाती है जिसमें सुधार की आवश्यकता है।

डॉ ए सुरेश कुमार बनाम अमित अग्रवाल मामले में, अदालत ने माना कि संविधान पीठ द्वारा घोषित

# शाम के वक्त चाय सिर्फ इन्हीं लोगों को पीनी चाहिए



भारतीयों को चाय बहुत पसंद है, खासकर दूध वाली चाय। वे दिन में कई बार इसका सेवन करना भी पसंद करते हैं - लेकिन सुबह और शाम को जरूर। लेकिन, पता चला है कि शाम को चाय का सेवन करने से कुछ स्वास्थ्य परिणाम होते हैं। लगभग 64 प्रतिशत भारतीय आबादी हर दिन चाय पीना पसंद करती है, जिनमें से 30 प्रतिशत से अधिक लोग इसे शाम को पीते हैं। क्या आप उन लोगों में से एक हैं जो रोजाना शाम की चाय पीना पसंद करते हैं, या अधिकतर? क्या आपको लगता है कि यह एक स्वस्थ आदत है? आपके लिए सबसे अच्छी बात क्या है - शाम के समय चाय पीना या न पीना?


चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, अच्छी नींद, इष्टतम लिवर डिटॉक्स, कम कोर्टिसोल (सूजन), और स्वस्थ पाचन के लिए सोने से 10 घंटे पहले (सोने से पहले) कैफीन से परहेज करना सबसे अच्छा है। जबकि चाय अपने आप में खराब नहीं है, जब पेय पीने की बात आती है, तो बहुत भ्रम और विचारों में गड़बड़ी होती है, जैसे कि इसे दूध के साथ या बिना पीना। यह, चीनी के साथ या बिना, इसे पीने के लिए सबसे अच्छा समय के साथ, इसे पीना या कम पीना।

सामान्य काली चाय, जिसका अधिकांश लोग आनंद लेते हैं, एंटीऑक्सिडेंट (यौगिक जो सेलुलर क्षति को रोकते हैं और शरीर की सूजन को कम करने में मदद करते हैं) से भरपूर होते हैं, क्योंकि इसमें कैटेचिन, थायफ्लेविन और थायरुबिगिन जैसे पॉलीफेनोल्स की उपस्थिति होती है - जिनमें से सभी व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देना। हालांकि, भारतीय अपनी चाय में दूध और चीनी मिलाकर पीते हैं, जो इसके पोषण संबंधी प्रोफाइल को बदल देता है।

हालांकि, दूध भी चाय की जैविक गतिविधियों को अपने एंटीऑक्सिडेंट को कम करके संशोधित करता है, जिससे यह सूजन और अम्लता का स्रोत बन जाता है। कैसिइन, एक दूध प्रोटीन, चाय में फ्लेवोनोइड और कैटेचिन के साथ कॉम्प्लेक्स बनाता है, जिससे अम्लता पैदा होती है। और चूंकि अधिकांश भारतीयों को सुबह सबसे पहले दूध वाली चाय पीने की आदत होती है, यह न केवल मौखिक स्वास्थ्य को खराब करता है बल्कि चयापचय गतिविधि को भी बाधित करता है और सूजन का कारण बन सकता है।

# फल हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं... मगर दिन में इस वक्त खा लिए तो गड़बड़ भी कर सकते हैं!

फल हमारे शरीर के लिए बहुत ही पौष्टिक और सेहतमंद कहे जा हैं. इनसे हमे ढेर सारे मिनिरल्स और विटामिन के साथ साथ कैलोरी भी मिलती है. लेकिन अधिकतर लोग इस बात को लेकर कंफ्यूज रहते हैं कि फल खाने का सही समय क्या है. फल कब खाना चाहिए, खाने से पहले या खाने के बाद. इसलिए इस भ्रम को आज दूर करने की कोशिश करते हैं. चलिए जानते हैं कि फल खाने का सही समय क्या है?खाने के पहले और बाद खाने के फायदे और नुकसान हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि फल भोजन करने से आधा से एक घंटा पहले खाए जाएं तो शरीर को बहुत पोषण देते हैं. यही फल अगर आप खाने के बाद खाते हैं तो शरीर में भोजन के साथ फलों की एक्स्ट्रा कैलोरी चली जाती है, जिससे सेहत को कई तरह के नुकसान हो सकते हैं.



बेहतर होता है कि फलों को खाने के साथ और खाने के तुरंत बाद ना खाएं. फल खाने का सही समय सुबह, दोपहर और शाम को होता है, रात को सोने से तुरंत पहले भी फलों का सेवन नहीं करना चाहिए. भोजन के बाद फल खाने के नुकसान हेल्थ एक्सपर्ट सलाह देते हैं कि भोजन करने के तुरंत बाद फल बिलकुल ना खाएं. दरअसल भोजन के जरिए पहले ही शरीर काफी सारी कैलोरी ले चुका होता है, वो पचाए बिना अगर आप भोजन के तुरंत बाद फल खाते हैं तो शरीर को एक्स्ट्रा कैलोरी इनटेक झेलना पड़ता है. इससे पाचन तंत्र पर दोहरा भार पड़ता है और वो इतनी सारी कैलोरी को एक साथ पचा नहीं पाता, भोजन के तुरंत बाद फल खाने से पाचन तंत्र खराब हो जाता है और पेट से जुड़ी कई दिक्कतें जैसे अपच, अफारा, एसिडिटी, मरोड़ और कब्ज आदि की संभावना पैदा हो जाती है. खाने के तुरंत बाद फल खाने के नुकसानदेखा जाए तो फलों में फ्रुक्टोज होता है जो जल्दी पचता है, अगर भोजन के तुरंत बाद फल खाते हैं तो फ्रुक्टोज जल्दी पचता है और पेट में पहले से गया भोजन पचने में काफी दिक्कत आती है. भोजन के तुरंत बाद खाना खाने से शरीर में कई तरह के टॉक्सिन एकत्र होने की बात की जाती है. इसका असर पेट के साथ साथ त्वचा पर भी दिखता है. फल खाने का सही समय क्या हैइस पर एक्सपर्ट कहते हैं कि फल तब खाएं जब आप कुछ देर पहले या बाद में भोजन ना कर रहे हों. यानी दिन में 10 से 12 बजे के बीच फल खाने का सही समय है. इस समय आप आराम से फल खा सकते हैं और इनका पूरा पोषण आपके शरीर को मिलेगा. शाम के समय भी फल खाए जा सकते हैं, ये समय चार से सात बजे तक का हो सकता है. दिन में अगर आप 11 बजे के आस पास फल खाते हैं तो आपकी चटर पटर की भूख भी शांत होती है और फलों के जरिए आपको ढेर सारा फाइबर भी मिलता है जिससे पाचन तंत्र मजबूत होता है।




# अल्लू अर्जुन की पुष्पाः द रूल से रश्मिका मंदाना का पहला लुक जारी

रश्मिका मंदाना, अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा- द रूल में अपनी यादगार भूमिका, श्रीवल्ली को फिर से दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह सुकुमार द्वारा निर्देशित ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा- द राइज की अगली कड़ी है। आज, उसके जन्मदिन के अवसर पर, निर्माताओं ने रश्मिका के श्रीवल्ली के रूप में एक नए पोस्टर को लॉन्च किया। इस पोस्टर में वह बहुत खूबसूरत लग रही हैं।फिल्म के निर्माताओं ने ट्विटर पर रश्मिका मंदाना के नए पोस्टर को श्रीवल्ली के रूप में शेयर किया। लाल साड़ी में वह बहुत खूबसूरत लग रही हैं, उनके बाल खुले हैं और लाल बिंदी इस खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। फैंस इस पोस्टर पर प्यार बरसा रहे हैं। वह यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि फिल्म के दूसरे भाग में अभिनेत्री क्या-क्या करने वाली हैं। पहले भाग में दर्शकों ने श्रीवल्ली के रूप में उन्हें काफी पसंद किया था। पोस्टर को साझा करते हुए, निर्माताओं ने लिखा, टीम म पुष्पा- द रूल भव्य श्रीवल्ली उर्फ रश्मिका जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई। आप हमारे दिलों पर राज करते रहें।यह प्रशंसकों के लिए एक ट्रीट होने वाला है क्योंकि अगले कुछ दिनों में एक और अपडेट आ रहा है। पुष्पा 2 का मोस्ट अवेटेड टीजर, जो हाल ही में आंध्र प्रदेश में शुरू हुआ था, को आखिरकार रिलीज की तारीख मिल गई है। नवीनतम अपडेट के अनुसार, बहुप्रतीक्षित टीजर, जिसे पहली झलक वीडियो का नाम दिया गया है, इस साल 7 अप्रैल को लीडिंग मैन अल्लू अर्जुन के 41वें जन्मदिन के विशेष अवसर पर रिलीज किया जाएगा। निर्माताओं द्वारा हाल ही में एक विशेष पोस्टर के साथ रोमांचक अपडेट की पुष्टि की थी। फिर आज, निर्माताओं ने यह घोषणा करने के लिए एक वीडियो भी साझा किया कि अल्लू अर्जुन उर्फ पुष्पा की पहली झलक 7 अप्रैल को शाम 4 बजे सामने आएगी। वीडियो में पुष्पा की खोज दिखाई जा रही है। जिसमें लोग रैलियां कर रहे हैं, और टेलीविजन चैनल उसके बारे में बात कर रहे हैं। मेकर्स ने लिखा कि हंट फॉर पुष्पा 7 अप्रैल को रिलीज होगी। आपको बता दें कि पुष्पा की रिलीज ने अल्लू अर्जुन पूरे देश में प्यार और प्रसिद्धि दिलाई। अगली कड़ी, पुष्पा- द रूल में अभिनेता अपनी भूमिका में लौट आएंगे। सीक्वल में रश्मिका मंदाना को श्रीवल्ली, फहद फासिल भी होंगे।

# द क्रू के सेट से करीना कपूर खान ने शेयर की पाउट वाली सेल्फी




अपने स्ट्रीमिंग चैट शो वॉट वीमेन वॉन्ट के लिए दर्शकों की सराहना बटोर रही बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने अपनी फिल्म द क्रू के सेट से एक तस्वीर पोस्ट की। एक्ट्रेस ने बताया कि वह दूसरे दिन की शूटिंग में बिजी हैं। फोटो में करीना को पाउट करते हुए अपनी वैनिटी वैन में मिरर सेल्फी क्लिक करते हुए देखा जा सकता है। उनके सामने एक बड़ा सा कॉफी मग है। मग के ठीक बगल में फिल्म की स्क्रिप्ट है।करीना ने अपने टीम की सराहना करते हुए लिखा- माई क्रू, डे 2, द क्रू।फिल्म की बात करें तो यह तीन महिलाओं की कहानी है जो काम करती हैं और जीवन के साथ आगे बढने के लिए संघर्ष करती हैं। लेकिन जैसे-जैसे वे आगे बढने की कोशिश करती हैं, उनके साथ चिंताजनक स्थितियां सामने आती रहती है, जिसके चलते वे झूठ के एक जाल में फंस जाती हैं।द क्रू राजेश कृष्णन द्वारा निर्देशित और बालाजी मोशन पिक्चर्स लिमिटेड और अनिल कपूर प्रोडक्शंस द्वारा सह-निर्मित है।

# अभिनेत्री सिमरन कौर ने शेयर किया पटाया में शर्मिंदा की शूटिंग का अनुभव



अगर तुम ना होते की अभिनेत्री सिमरन कौर ने अपने नवीनतम म्यूजिक वीडियो शर्मिंदा के लिए थाईलैंड के पटाया में शूटिंग के अपने अनुभव को साझा किया है। उन्होंने कहा, शर्मिंदा दिल टूटने के बारे में संगीत वीडियो है। लड़का लड़की को धोखा देता है और बाद में लड़की उससे भिड़ जाती है। यह बहुत ही दिल को छू लेने वाला गाना है। हम इस गाने की शूटिंग के लिए थाईलैंड गए और पटाया के खूबसूरत लोकेशंस पर शूट किया।अभिनेत्री ने अपने संगीत वीडियो के लिए जिस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है, उसके बारे में कहा कि यह जबरदस्त है। उन्होंने कहा कि लोगों को गीत के बोल और संगीत पसंद आ रहे हैं। मुझे इस संगीत वीडियो के लिए इतनी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है, मैं इसके लिए बहुत खुश हूं। मुझे मेरे अभिनय के लिए बहुत सराहना मिल रही है और प्रशंसक वास्तव में गीत में मेरे भावों को पसंद कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर, मुझे अपने सभी प्रशंसकों से बहुत सारे संदेश मिल रहे हैं कि वह गाना देखने के बाद वास्तव में भावुक हो गए हैं, इसलिए मुझे लगता है कि अगर लोग आपके प्रदर्शन से जुड़ रहे हैं और गाना सही रागों को छू रहा है, तो यह सबसे अच्छी तारीफ है।

# श्रिया सरन की म्यूजिक स्कूल का पहला गाना पढ़ते जाओ बच्चा जारी


श्रिया सरन आजकल अपनी आगामी फिल्म म्यूजिक स्कूल को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इसमें वह अभिनेता शरमन जोशी के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। बुधवार को निर्माताओं ने म्यूजिक स्कूल का पहला गाना पढ़ते जाओ बच्चा जारी कर दिया है, जिसे देख श्रिया और शरमन के प्रशंसक फिल्म का ब्रेसबी से इंतजार कर रहे हैं। इस गाने को उस्ताद इलैयाराजा ने संगीत दिया है। इसके साथ निर्माताओं ने म्यूजिक स्कूल का नया पोस्टर भी साझा किया है। म्यूजिक स्कूल 12 मई, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक पापा राव बियाला ने किया है। फिल्म में श्रिया और शरमन के अलावा सुहासिनी मुले, प्रकाश राज, बेंजामिन गिलानी, श्रीकांत अयंगर, मोना अंबेगांवकर और अन्य कलाकार नजर आएंगे। फिल्म म्यूजिक स्कूल हिंदी सहित तेलुगू और तेलुगू भाषा में




रिलीज होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, म्यूजिक स्कूल में कुल 11 गाने होंगे।

# गुमराह से एक्टिंग की शुरूआत करेंगी चाहत विग

विज्ञापन और थिएटर के साथ शोबिज में अपना करियर शुरू करने वाली एक्ट्रेस चाहत विग आदित्य रॉय कपूर और मृणाल ठाकुर अभिनीत फिल्म गुमराह से अभिनय की शुरूआत करने जा रही हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उन्हें यह अवसर मिला, साथ ही उन्होंने पहली बार कैमरे का सामना करने की चुनौतियों के बारे में भी बात की।चाहत ने व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल संस्थान से एक्टि की फॉर्मल ट्रेनिंग ली और बाद में यहूदी की लड़की नामक प्ले भी किया। हालांकि, शुरूआत में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में चीजें उनके लिए काम नहीं कर रही थीं और कई प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन देने के बाद, उन्होंने आखिरकार यह फिल्म हासिल की, जो एक क्राइम थ्रिलर है, जिसका निर्देशन वर्धन केतकर ने किया है।अपने पहले प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए, उन्होंने साझा किया- मुझे एक प्रोजेक्ट मिला और अज्ञात कारणों से इसे खो दिया, इसलिए मैं एक ऐसे फेज में थी, जहां मैं आंतरिक रूप से संघर्ष कर रही थी। मुझे मुकेश छाबड़ा कास्टिंग कंपनी से फोन आता है कि मुझे गुमराह के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है और निर्देशक वर्धन केतकर अगले दिन मुझसे मिलना चाहते हैं, मैं उनसे मिलने गयी और इस तरह मुझे यह प्रोजेक्ट मिला।अपनी भूमिका पर, उन्होंने कहा कि यह एक चुनौतीपूर्ण भूमिका है और कहा- कंफर्ट जोन से बाहर सिनेमा की दुनिया में कदम रखना एक वास्तविक अनुभव रहा है।



# पतली फिगर पर फिटिंग की स्कर्ट पहन अनुष्का सेन दिखीं ग्लैमरस, क्रॉप टॉप पर अटकी निगाहें



टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस अनुष्का सेन अपनी हॉट फोटोज के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस हर बार अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से इंटरनेट का तापमान हाई कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं जिसमें उनकी हॉटनेस देख कर फैंस के दिलों पर खंजर चल गया है। एक्ट्रेस अनुष्का सेन की दीवानगी भी आजकल फैंस के सिर चढ़कर बोल रही है। हालांकि एक्ट्रेस की हर अदाओं पर फैंस अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में अनुष्का सेन की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर तहलका मचा रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस देख एक बार फिर से फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। अनुष्का सेन ने अपनी इन फोटोज में फिटिंग की स्कर्ट के साथ क्रॉप टॉप पहना हुआ है। एक्ट्रेस का ये स्टाइलिश आउटफिट फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। हालांकि यूजर्स उनकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उन पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि अनुष्का सेन की लेटेस्ट तस्वीरों पर भी एक यूजर ने कॉमेंट कर लिखा है- यू लुक अमेंजिंग तो वहीं दुसरे ने बोला- सुपर गॉर्जियस। अनुष्का सेन को उनके चाहने वाले इंस्टाग्राम क्वीन बुलाते हैं। एक्ट्रेस का लुक सोशल मीडिया पर शेयर होते ही फैंस के बीच तेजी से ट्रेंड करने लगता है।

# अजय देवगन की भोला ने पार किया 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा

एक्टर-डायरेक्टर अजय देवगन की एक्शन-थ्रिलर भोला' पिछले गुरुवार को रामनवमी के त्योहार पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म को ऑडियंस और क्रिटिक्स का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिला है. भोला' ने ओपनिंग डे पर 11 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी. जिसके बाद लग रहा था कि अजय की ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ बिजनेस करेगी. हालांकि दूसरे दिन ही फिल्म की कमाई में 33 फीसदी की गिरावट आई. इसके बाद वीकेंड पर भोला' की कमाई में जबरदस्त उछाल आया और इसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर ली. वहीं पहले मंडे को फिल्म के कलेक्शन में एक बार फिर भारी गिरावट आई. इन सबके बीच भोला' के रिलीज के छठे दिन के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने मंगलवार को कितना बिजनेस किया.इमोशनंस और एक्शन के तड़के वाली फिल्म भोला' बॉक्स ऑफिस पर लटके-झटके खाती आगे बढ़ रही है. फिल्म की कमाई में कभी तेजी देखने को मिलती है तो कभी फिल्म का कलेक्शन धड़ाम हो जाता है. इन सबके बीच भोला' की कमाई के छठे दिन के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक भोला' ने अपनी रिलीज के छठे दिन यानी मंगलवार को 4.50 करोड़ का बिजनेस किया है. बता दें कि फिल्म ने सोमवार को भी 4.50 करोड़ ही कमाए थे. इसी के साथ भोला' का कुल कलेक्शन अब 53.28 करोड़ रुपये हो गया है.100 करोड़ के बजट में बनी भोला' 6 दिन की कमाई के बाद फाइनली हिचकोले खाते हुए 50 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है. इन सबके बीच दिलचस्प बात ये है कि अगले दो हफ्ते तक भोला' के लिए बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन करने का शानदार मौका है क्योंकि इस दौरान कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है. 21 अप्रैल को ही सलमान खान की किसी का भाई किसी की जान' सिनेमाघरों में पहुंचेगी. तब तक उम्मीद है कि अजय की फिल्म गिरते-पड़ते कई करोड़ बटोर ही लेगी. वहीं भोला' की कमाई का ट्रेंड भी यही दिखा रहा है कि इसका लाइफ टाइम कलेक्शन 100 करोड़ से ज्यादा का रहेगा.स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में अजय देवगन के अलावा तबू, दीपक डोबरियाल, संजय मिश्रा, अमला पॉल, गजराज राव और कई अन्य कलाकारों ने अपनी दमदार अदाकारी दिखाई है।

# ध्वनि भानुशाली के वास्ते सॉन्ग ने यूट्यूब पर बटोरे 1.5 बिलियन व्यूज

इशारे तेरे और लेजा रे जैसे गानों के लिए पहचानी जाने वाली सिंगर ध्वनि भानुशाली के गाने वास्ते को यूट्यूब पर 1.5 बिलियन व्यूज मिल चुके हैं। 1 अरब व्यूज पाने वालों में भारतीय गीतों में भक्ति गीत हनुमान चालीसा लिस्ट में सबसे ऊपर है, इसके बाद पंजाबी सॉन्ग लहंगा और एक हरियाणवी सॉन्ग 52 गज का दमन है। ध्वनि का गाना चौथे नंबर पर है।यूट्यूब पर 1.5 बिलियन व्यूज बटोरने वाली ध्वनि सबसे कम उम्र की इंडिन म्यूजिशियन बन गई है। वास्ते तनिष्क बागची द्वारा रचित और अराफत महमूद द्वारा लिखित है, जिसमें निखिल डिसूजा सह-गायक के रूप में हैं, संगीत वीडियो



राधिका राव और विनय सप्रू द्वारा निर्देशित है।अपना आभार व्यक्त करते हुए, ध्वनि ने कहा- वास्ते की कहानी मेरी जिंदगी में घटी थी। मैं हमेशा उन सभी लोगों की आभारी रहूंगी जिन्होंने यूट्यूब पर इसे एक अरब तक पहुंचाया। तनिष्क, अराफात, निखिल, राधिका मैम, विनय सर और सिद्धार्थ की टीम की वजह से हम तब और आज भी इतने सारे रिकॉर्ड तोड़ पाए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह दर्शकों का प्यार और समर्थन है। यह मुझे और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहती हूं जो मेरे साथ इस खूबसूरत गाने को बनाने में शामिल थे, हमारी छाप हमेशा के लिए रहेगी।ध्वनि ने इशारे तेरे के साथ पॉप दुनिया में अपनी शुरूआत की और इसके बाद एक और हिट लेजा रे के साथ काम किया। हालांकि, वास्ते गाने ने उन्हें इंडियन म्यूजिशियन की लिस्ट में पहुंचा दिया।यह गाना काफी हिट हुआ और दुनिया भर में टॉप 10 सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले म्यूजिक वीडियो में भी सूचीबद्ध किया गया, जिसमें ध्वनि को यूट्यूब रिवाइंड 2019 में एकमात्र भारतीय संगीत कलाकार के रूप में दिखाया गया। यह गाना टी-सीरीज के लेबल के तहत जारी किया गया था।

# वेदों व उपनिषदों की वाणी की साक्षात् अनुभूति है सहजयोग

**ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्यां जगत। तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विध्दनम्। ईशावास्योपनिषद**

अर्थात इस जग में जो कुछ भी है, गतिहीन या गतिमान, हर चीज में ईश्वर का वास है, संपूर्ण प्रकृति ईश्वरमय है। इन सब का त्याग कर के सुख भोगो और पराये धन से अनुराग मत करो। भारत देश समूचे विश्व में जाना जाता है यहाँ की अध्यात्मिकता, वेदों, उपनिषदों पुराणों व इन पर आधारित सनातन संस्कृति के लिये। सभी वेदों, उपनिषदों का एक ही सार है, हमारे हृदयास्थित आत्मा ही परमेश्वर का अंश है और ज्यों ही कोई साधक इसे जानता है तब वह आनंदमग्न हो जाता है और शोक मोह आदि विकारों की छाया भी उसके चित्त प्रदेश में नहीं रह जाती है। उपरोक्त वर्णित श्लोक में यही मार्गदर्शन है कि अखिल विश्व परमेश्वर से व्याप्त है ऐसा समझकर त्याग भाव से जगत पालन में कर्तव्य के लिये विषयों का यथाविधि उपभोग करो - अर्थात हमें विश्वरूप ईश्वर की पूजा के लिये ही कर्मों का आचरण करते रहना चाहिए। विषयों में मन को मत फंसने दो, इसी में तुम्हारा निश्चित कल्याण है। प. पूज्य श्रीमाताजी द्वारा प्रणित सहजयोग भी ईशावास्य की ही बात करता है। श्रीमाताजी कहते हैं, परमेश्वर की शक्ति जीवंत शक्ति कहा गया है। और आज इस शक्ति को हम जान सकते हैं, इसकी साक्षात् अनुभूति ले सकते हैं। सहजयोग



यानि कि ऋतंभरा प्रज्ञा इस संपूर्ण जगत में व्याप्त है । समस्त प्राणियों फल, फूल और सभी नैसर्गिक चीजों में व्याप्त है इसे ही में जब आपको आपका आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तो इस शक्ति को आप अपने सूक्ष्म तंत्र पर जान सकते हैं। सत् और असत् का विवेक, नवनिर्माण करने की शक्ति जिसे सृजनशक्ति कहते हैं, समाधान, आत्मविश्वास, साक्षीभाव, क्षमाशीलता इत्यादि अनेक गुण आपमें विकसित होते हैं। भगवद्गीता कहती है, %उर्ध्व मूलं अथः शाख अर्थात् आपके व्यक्तित्व की जड़ें आपके मस्तिष्क में हैं और सहजयोग ध्यान से धीरे - धीरे आप समझने लगते हैं परमेश्वर की शक्ति तो असीम है, अगणित है परंतु हर दिन आपको परमेश्वर की इस शक्ति का तालुभाग ( सहस्त्रार) में एकीकरण हो रहा है, समग्रता आ रही है। इस आध्यात्मिक आनंद का अनुभव दिन - प्रतिदिन ध्यान धारणा की गहनता के साथ - साथ बढ़ता ही जाता है। सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं ङ्क 1800 2700 800 बेवसाइटड़ यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा प्रति शनिवार शाम 06ऱ30 बजे।




## एके बिंदुसार बने नेशनल ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली। भारतीय मीडिया फाउंडेशन के संस्थापक श्री एके बिंदुसार जी को एशिया की जानी-मानी कंपनी हैं अलका लाइन श्री एके बिंदुसार जी मीडिया एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े हुए एक चर्चित व्यक्ति हैं जो 5 वर्षों से लगातार भारतीय मीडिया को सशक्त बनाने एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। अलका लाइन का नेशनल ब्रांड एंबेसडर बनने के बाद हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि अगर अपने मानव जीवन को स्वस्थ रखना और सफल बनाना है तो मजबूत हेल्थ की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि अलका लाइन वाटर किसी चमत्कार से कम नहीं है उन्होंने कहा कि हम रामबाण इलाज की चर्चा अक्सर बातचीत के दौरान करते रहते हैं तो आज अलका लाइन वाटर रामबाण है। उन्होंने बताया कि मेरा किसी भी प्रकार से लाभ का पद नहीं है मैं सिर्फ स्वस्थ्य और स्वच्छ भारत मुहिम के तहत अलका लाइन वाटर के चमत्कार को देखा और इसको मैने खुद यूज करके देखा है और ये एक दवा के रूप में काम करता हैं जो काफी लाभप्रद है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अलका लाइन वाटर की आवश्यकता हर घर की जरूरत होगी क्यू की ये... कैंसर, हार्ट का ब्लॉकेज, सुगर, ब्रेन हैमरेज, जोड़ो का दर्द, बी पी, मोटापा, लीवर, यादास्त शक्ति, गैस्टिक, जैसी खतरनाक बीमारियों को कंट्रोल करने और उसे ठीक करने में रामबाण जैसा कार्य करता है। उन्होंने बताया कि अलका लाइन से निर्मित सिर्फ वाटर पीने से एक साथ बहुत सारी जानलेवा गंभीर बीमारियों को ठीक किया जा सकता हैं। इसका प्रयोग पूरी तरह से सफल हैं। उन्होंने अलका लाइन की ओर से नेशनल ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने पर कंपनी के एमडी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## गोदाम प्रबंधक ने की निलंबित जन वितरण प्रणाली दुकान की जांच

**फर्जी संचालन समिति का गठन कर चायचंपा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष ने डीएसओ से की थी निलंबित दुकान चालू कराने की मांग**

दुमका/झारखंड। दुमका जि़ले के रानीश्वर क्षेत्र के बिलकांदी पंचायत अन्तर्गत कांजीहाड़ा गांव के चायचंपा स्वयं सहायता समूह की जन बितरण प्रणाली दुकान बिगत एक साल से निलंबित हैं।समूह की अध्यक्ष प्रमिला टुडू पर जनवितरण प्रणाली दुकान संचालन समिति के सात सदस्यों ने मनमानी का आरोप लगाया था।गंभीर आरोप के आधार पर डीलर सह समूह के अध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया था।समिति की सदस्य मुंगली किस्कु,मकलु सोरेन,शिउली किस्कु,फुलमनी मुर्मू,छवि टुडू,ललिता हांसदा एवं बिमला हांसदा लगातार अध्यक्ष प्रमिला टुडू को समूह से हटाने मांग कर रही हैं।दूसरी ओर प्रमिला ने उन सात सदस्यों को हटाकर एक फर्जी समिति का गठन कर जिला आपूर्ति पदाधिकारी से निलंबित दुकान चालू कराने की मांग की हैं।श्री सिंह उसी मामले की जांच करने गांव पंहुचे थे। मुंगली ने बताया कि प्रमिला ने पूर्व के प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अशोक अग्रवाल के साथ सांठगांठ कर एक फेक समिति का गठन किया हैं।श्री अशोक ने महिला प्रसार पदाधिकारी के पद पर रहकर प्रमिला को गलत ढंग से लाभ पंहुचाने के लिये उसकी पुत्री फूलकुमारी हांसदा को समिति के साथ जोड़ दिया हैं।फूलकुमारी जो बीरभूम जिला की निवासी हैं उसे समिति के साथ जोड़ने का सदस्यों ने विरोध किया हैं। सदस्यों ने एक ही परिवार के चार सदस्यों को समिति के साथ जोड़ने पर जांच अधिकारी के समक्ष विरोध किया हैं।

## जिला अधिकारी के द्वारा बैठक किया गया

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में ÷बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2023÷ के सुचारू संचालन प्रयोजनार्थ बैठक का आयोजन किया गया।उक्त अवसर पर जानकारी दी गई कि भागलपुर शहरी क्षेत्र अन्तर्गत दिनांक-08.04.2023 (शनिवार) को कुल 20 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली (11:00 पूर्वाहन से 01:00 बजे अपराह्न तक) में परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। परीक्षा के शांतिपूर्ण वातावरण में सफल संचालन एवं विधि व्यवस्था के संधारण हेतु 10 जोन में विभक्त करते हुए पर्याप्त संख्या में गश्ती दल -सह- जोनल दण्डाधिकारी, स्टैटिक दण्डाधिकारी एवं सुपर जोनल दण्डाधिकारी कि प्रतिनियुक्ति की गई है। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, केन्द्राधीक्षकों को परीक्षा संबंधित निदेशों से अवगत कराया गया।सभी केन्द्राधीक्षक परीक्षा तिथि को प्रतिनियुक्त वीक्षक के साथ पूर्वाहन 07:00 बजे से अपने केन्द्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर वर्णित निदेशों के अनुरूप शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा का संचालन कराना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र में मोबाईल फोन/किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सादा कागज आदि के परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।पूर्वाहन 10:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नही दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने परीक्षा संचालन हेतु प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों को निर्धारित दायित्वों का निर्वहन पूर्ण तत्परता से करने का निदेश दिया है। किसी भी स्तर पर लापरवाही को अत्यंत गंभीरता से लिया जायेगा एवं तदनुसार विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अपर समाहर्ता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हवा बहने के समय भूलकर भी आग ना जलाएं : जिलाधिकारी

जिला में घट रही अगलगी की घटना को देखते हुये इसे रोकने एवं उससे बचाव की जिलाधिकारी के द्वारा वैशाली जिला वासियों से अपील जारी की गई है। जिलाधिकारी ने कहा है कि अगलगी में समूल नष्ट हो जाता है जिससे ना केवल पीड़ति परिवार प्रभावित होता है बल्कि आसपास के बसावट भी प्रभावित होते हैं। आग को रोकने के लिए जिलाधिकारी ने अपील की है कि जहां तक संभव हो खाना खुले स्थान एवं झोपड़ी नुमा घरों में पछुआ हवा चलने के पहले सुबह में 9ऱ00 बजे तक बना लिया जाए तथा संध्या में खाना 6ऱ00 बजे के बाद ही बनाना शुरू किया जाए जब हवा नरम पड़ जाती है। जिलाधिकारी ने कहा है कि खाना पकाते समय पास के बर्तन में दो बाल्टी पानी जरूर रखें। खाना पकाने के बाद आग को पानी डालकर पूरी तरह से बुझा दें। उन्होंने कहा है कि अगर घर फूस का है तो उस पर मिट्टी का लेप चढ़ा दें तथा दो झोपड़यिों को सटा कर न बनाएं । रसोई घर में मिट्टी का तेल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखें। जिलाधिकारी के द्वारा गेहूं की तैयार हो चुकी फसल को जल्द से जल्द काटने की अपील की गई है तथा खेत में फसल को नहीं जलाने का निर्देश भी दिया गया है गेहूं की थ्रेसरिंग के समय थ्रेशर मशीन के पास 2 ड्रम पानी रखने को कहा गया है ।उन्होंने कहा है कि कहीं भी आग लगी की घटना पर शीघ्र काबू पाया जाए एवं इसके लिए 101 नंबर डायल करें ताकि अग्निशमन सेवा तुरंत उपलब्ध कराई जा सके। जलती हुई तिल्ली, माचिस की काठी, बीड़ी, सिगरेट खेत खलिहान के पास नहीं फेंके। किसी भी जलते हुए पदार्थ को बुझा कर ही सोएं तथा घर में अग्निशमन पदार्थ जैसे पानी ,बालू ,सुखी मिटटी रखा करें । खेत खलिहान में पूजा के समय जलती हुई अगरबत्ती या धूप पर नजर रखें जब तक वह पूरी तरह से बुझ नहीं जाता है। बिजली प्रयोग पर भी सावधानी बरतें। बिजली तार के जोड़ को ढीला या खुला न छोड़ें तथा इसे इसे प्लास्टिक से नही बांधे। कम या खराब गुणवत्ता के तार का प्रयोग नहीं करें। जिलाधिकारी ने कहा है कि छोटी से छोटी चूक से भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है ! हवा बहने के समय भूलकर भी आग ना जलाएं।

## शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर झारखंड विधानसभा लाया गया

दुमका/झारखंड- शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर झारखंड विधानसभा लाया गया, जहां राजकीय सम्मान के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ तिरंगे



में लपेटकर लाया गया। जगरनाथ महतो को याद करके सभी गमगीन हो गए। विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, चंपई सोरेन,विकास कुमार मुंडा, आलमगीर आलम, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक सरयू राय, विनोद सिंह, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, विधायक अनूप सिंह समेत कई विधायक और नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। विधानसभा से जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर हरमू स्थित झामुमो के केंद्रीय कार्यालय में अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि के लिए ले जाया जाएगा। इसके बाद पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड स्थित अलार्म गांव ले जाया जाएगा, जहां दोपहर 1ऱ00 बजे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार होगा। अंतिम यात्रा में सीएम हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। मुखाग्नि उनके पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो देंगे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर कोटा नगर में.. हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा भंडारा का आयोजन, निकली विशाल शोभा यात्रा

**स्टेशन रोड में शिव हनुमान मंदिर में भण्डारे का प्रसाद वितरण..पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ**

कोटा। आज 6 अप्रैल को श्री हनुमान जी जन्मोत्सव पूरे भारत मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कोटा नगर में सभी शिव हनुमान मंदिरों में सुबह से भीड़ बनी रही, विशेष पूजा अर्चना के साथ श्री हनुमान जी की आराधना की गई। स्टेशन रोड शिव हनुमान मंदिर काफी प्राचीन मंदिर है यहां भगवान शिव अपने परिवार के साथ विराजमान है और वहीं श्री हनुमान जी शंकर जी के ग्यारहवें अवतार के रूप में शंकर स्वयं केशरीनंदन के रूप में विराजमान है। ऐसी मान्यता है कि यहां इस मंदिर में श्री हनुमान जी की जो भाव सहित पूजा आराधना करता है, अपनी अर्जी लगाता है तो उसकी मनोकामना श्री हनुमान जी अवश्य पूरी करते है। इस मंदिर में सुबह से पूजा आराधना का सिलसिला जारी रहा और सुबह से ही भंडारा प्रसाद का वितरण भक्तों के द्वारा किया जा रहा था । श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही दर्शन और भंडारा में प्रसाद प्राप्त करने के लिए। नगर में श्री हनुमान जी की विशाल शोभा यात्रा नवयुवको के द्वारा बैंड बाजे के साथ निकाली गई, नगर में सभी जगह अतिसीय स्वागत हुआ। पुलिस की व्यवस्था भी शोभा यात्रा के साथ बनी रही।



## पंजाब की मोहाली पुलिस ने लूट के एक मामले में सराफ को कोतवाली में लाकर पूछताछ की

**सराफ पर गिरफ्तार एक आरोपी ने सोने के जेवर बेचने का आरोप लगाया है**



पंजाब के मोहाली जनपद के डेरा वसी थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व महिला से सोने के जेवर लूटे गए थे। मामले में पंजाब पुलिस ने सरधना थाना के गांव मुल्हेडा निवासी युवक इंतजार को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कस्बे के बड़ा बाजार स्थित एक ज्वेलर्स को सोने के जेवर बेचा जाना बताया। शुक्रवार दोपहर पंजाब पुलिस ने कोतवाली पुलिस की मदद से उक्त सराफ को कोतवाली ले जाकर पूछताछ की। सराफ को थाने ले जाने पर आक्रोशित सराफा व्यापारियों ने कोतवाली पहुंच कर हंगामा प्रदर्शन करते हुए कहा कि सराफ पर गलत आरोप लगाया जा रहा है। पूछताछ के बाद उक्त सराफ को सराफा व्यापारी अपने साथ लेकर चले गए। इंस्पेक्टर ब्रिजेश शर्मा ने बताया कि पंजाब पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## घर फूस का है तो उस पर मिट्टी का लेप चढ़ा दें, झोपड़ियों को सटाकर न बनाएं

**बिहार वैशाली हाजीपुर।** जिला में घट रही अगलगी की घटना को देखते हुये इसे रोकने एवं उससे बचाव की जिलाधिकारी के द्वारा वैशाली जिला वासियों से अपील जारी की गई है। जिलाधिकारी ने कहा है कि अगलगी में समूल नष्ट हो जाता है जिससे ना केवल पीड़ति परिवार प्रभावित होता है बल्कि आसपास के बसावट भी प्रभावित होते हैं। आग को रोकने के लिए जिलाधिकारी ने अपील की है कि जहां तक संभव हो खाना खुले स्थान एवं झोपड़ी नुमा घरों में पछुआ हवा चलने के पहले सुबह में 9ऱ00 बजे तक बना लिया जाए तथा संध्या में खाना 6ऱ00 बजे के बाद ही बनाना शुरू किया जाए जब हवा नरम पड़ जाती है। जिलाधिकारी ने कहा है कि खाना पकाते समय पास के बर्तन में दो बाल्टी पानी जरूर रखें। खाना पकाने के बाद आग को पानी डालकर पूरी तरह से बुझा दें। उन्होंने कहा है कि अगर घर फूस का है तो उस पर मिट्टी का लेप चढ़ा दें तथा दो झोपड़यिों को सटा कर न बनाएं । रसोई घर में मिट्टी का तेल एवं अन्य ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखें। जिलाधिकारी के द्वारा गेहूं की तैयार हो



चुकी फसल को जल्द से जल्द काटने की अपील की गई है तथा खेत में फसल को नहीं जलाने का निर्देश भी दिया गया है गेहूं की थ्रेसरिंग के समय थ्रेशर मशीन के पास 2 ड्रम पानी रखने को कहा गया है ।उन्होंने कहा है कि कहीं भी आग लगी की घटना पर शीघ्र काबू पाया जाए एवं इसके लिए 101 नंबर डायल करें ताकि अग्निशमन सेवा तुरंत उपलब्ध कराई जा सके। जलती हुई तिल्ली, माचिस की काठी, बीड़ी, सिगरेट खेत खलिहान के पास नहीं फेंके। किसी भी जलते हुए पदार्थ को बुझा कर ही सोएं तथा घर में अग्निशमन पदार्थ जैसे पानी ,बालू ,सुखी मिटटी रखा करें । खेत खलिहान में पूजा के समय जलती हुई अगरबत्ती या धूप पर नजर रखें जब तक वह पूरी तरह से बुझ नहीं जाता है। बिजली प्रयोग पर भी सावधानी बरतें। बिजली तार के जोड़ को ढीला या खुला न छोड़ें तथा इसे इसे प्लास्टिक से नही बांधे। कम या खराब गुणवत्ता के तार का प्रयोग नहीं करें। जिलाधिकारी ने कहा है कि छोटी से छोटी चूक से भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है !




स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478